
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 08 अप्रैल 2026
वर्ष 07,अंक 185, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट नौ लोग गंभीर रूप से घायल...03

मेट्रो लाइन 9 (दहिसर से काशी गांव) शुभारंभ समारोह....12


# पुलिस हिरासत में मौत का मामला: मदुरै कोर्ट ने नौ पुलिसकर्मियों को दिया मृत्युदंड

## तमिलनाडु में हुई एक ऐसी वारदात, जिसने पूरे देश को हिला दिया था, अब अपने अंजाम तक पहुंच गई है

● बाप-बेटे को हिरासत में लेकर बेरहमी से पीटा गया. उनकी मौत ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया. इस मामले में अदालत ने फैसला सुनाते हुए 9 पुलिसवालों को मौत की सजा दी है



**ब्यूरो प्रयागराज।** मदुरै की जिला अदालत ने सोमवार को सातांकुलम में हिरासत में मौत के मामले में दोषी पाए गए नौ पुलिस कर्मियों को मृत्युदंड सुनाया। अदालत ने कहा कि यह मामला 'दुर्लभतम' श्रेणी का है। इन पुलिसकर्मियों को जून 2020 में पी. जेयराज और उनके बेटे जे. बेनिक्स की हिरासत में हत्या और यातना के मामले में दोषी पाया गया।

जज मुथुकुमारन ने कहा, यदि आम नागरिक ने यह अपराध किया होता, तो सामान्य सजा दी जा सकती थी। लेकिन अपराध पुलिस ने किया है। इसलिए साधारण सजा नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि यह हिरासत में हिंसा का स्पष्ट उदाहरण है। साक्ष्यों से पता चला कि पिता और पुत्र को पुलिस हिरासत में बुरी तरह पीटा गया। निरीक्षक एस श्रीधर ने हमले के लिए उकसाया। जबकि, अन्य कर्मी हिंसा और उसके बाद सबूतों को छिपाने में शामिल थे। पुलिसकर्मियों पर हत्या, गंभीर चोट पहुंचाने, साक्ष्य गढ़ने और झूठे मामले दर्ज करने के आरोप शामिल थे। पुलिस ने जेयराज (58 वर्षीय) और बेनिक्स (31 वर्षीय) को 19 जून 2020 को हिरासत में लिया था। उन पर कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान नियम तोड़ने का आरोप लगाया गया था। कुछ दिनों बाद उनकी कोविलपत्ती सरकारी अस्पताल में मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि पुलिस हिरासत में उन्हें क्रूर यातना दी गई थी। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने फॉरेंसिक साक्ष्य, मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर साबित किया कि सातांकुलम थाने में उन पर क्रूर हमला हुआ था। थाने में पाए गए खून के धब्बे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्ज चोटें मुख्य साक्ष्य रहे।

आरोपी विशेष उप-निरीक्षक पॉल्दुराई की मुकदमे के दौरान कोरोना से मौत हो गई थी। यह मामला पूरे देश में हिरासत में हिंसा और पुलिस की जवाबदेही पर बहस का केंद्र बन गया था। अब सजा सुनाए जाने के बाद मामला अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है।

### किसको कितनी सजा मिली?

अदालत ने इस मामले में इंस्पेक्टर श्रीधर समेत 9 दोषियों को बेहद सख्त सजा सुनाई है। सभी को 'डबल डेथ सेंटेंस' यानी दो बार फांसी की सजा दी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में 1 साल से लेकर 7 साल तक की जेल और कुल मिलाकर करीब 76.38 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इंस्पेक्टर श्रीधर पर सबसे ज्यादा 24.10 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। वहीं बालकृष्णन को 16.80 लाख, रघुगणेश को 5.20 लाख, मुरुगन को 10.10 लाख और सामदुरई को 5.60 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। इसके अलावा मुथुराजा पर 3.20 लाख, सेल्लादुरई पर 14.40 लाख, थॉमस फ्रांसिस और वेलुमुथु पर 10.54-10.54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी दोषियों को अलग-अलग धाराओं में जेल की सजा भी दी गई है जो 1 साल से लेकर 7 साल तक की है।

## विद्यालय परिसर में ट्रांसफार्मर: हाइटेंशन तार से खतरे में नौनिहालों की जान, निराकरण का प्रयास तक नहीं



**सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास क्षेत्र बर्डपुर के काशीपुर स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के परिसर में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इसे हटाने की मांग उच्चधिकारियों से लिखित एवं मौखिक कई बार पत्र देकर मांगकी लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज ने बताया कि कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर यहां बच्चों के स्कूल आने जाने पर अनहोनी का भय लगा रहता है कि कहीं कोई बच्चा या शिक्षक जद में ना आ जाए। प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज ने कहा कि इसकी सूचना बेसिक विभाग के उच्च अधिकारियों एवं बिजली विभाग को दी गई है। उन्होंने कहा की विद्यालय प्रांगण से विद्युत ट्रांसफार्मर हट जाता है तो मन में बना भय समाप्त हो जाएगा। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता का कहना हैं कि मौके पर जेई भेज कर देखता हूं। अगर विद्यालय परिसर विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है तो उसे हटाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।






## प्रियदर्शनी गैस एजेंसी नैनी में एलपीजी गैस की मारामारी, विभागीय अधिकारी बेखबर

● 7 घंटे लगातार लाइन में खड़े होने के बावजूद भी सिलेंडर मिलना मुश्किल

**गैस एजेंसी के कर्मचारियों पर सिलेंडर की कालाबाजारी करने का आरोप।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** इन दिनों नैनी क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रियदर्शनी गैस एजेंसी में एलपीजी गैस सिलेंडर की मारामारी मची हुई है। तकरीबन 7 घंटे लगातार लाइन में खड़े होने के बावजूद लोडिंग ना आने से उपभोक्ताओं को मायूस होकर खाली सिलेंडर लेकर घर वापस लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने एजेंसी कर्मचारियों पर निर्धारित दर से अधिक पैसे लेकर गैस सिलेंडर कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है। जैसा कि मालूम हो, नैनी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल कॉलोनी स्थित प्रियदर्शनी गैस सर्विस जो, कि भारत गैस एजेंसी के रूप में कार्यरत है, यहां पर प्रतिदिन सुबह तकरीबन 5:00 से ही लाइन लगना शुरू हो जाता है। लाइन में लगने के बाद कुछ लोगों को सिलेंडर मिलना मुश्किल हो जाता है। इसी क्रम में 6 अप्रैल यानी मंगलवार की सुबह तकरीबन 5:00 बजे से लोग लाइन में खड़े हो गए। दोपहर 12:00 बजे तक सिलेंडर की लोडिंग नहीं आई। लोडिंग ना आने पर वहां पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग हल्ला मचाना शुरू कर दिए।

इधर एजेंसी के कर्मचारी हल्ला होने पर कार्यालय बंद कर भाग खड़े हुए। उपभोक्ताओं का कहना है, कि एजेंसी कर्मचारियों के द्वारा मनमानी तौर पर काम किया जाता है। इनके द्वारा केवाईसी करने के नाम पर उपभोक्ताओं से पैसा मांगा जाता है। पैसा ना देने पर बेइज्जत करके उनको भगा दिया जाता है। इतना ही नहीं इनके द्वारा निर्धारित दर से अधिक पैसा लेकर गैस सिलेंडर की धड़ल्ले से कालाबाजारी की जाती है। गैस एजेंसी के कर्मचारियों की मनमानी के आगे सभी बेबस, लाचार एवं मजबूर हैं। इस बाबत क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए उक्त गैस एजेंसी की कार्य प्रणाली की जांच कराकर इनके विरुद्ध कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 15 वें वित्त आयोग के तहत कराई जा रहे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने का लगाया आरोप



**बिसवां (सीतापुर)** विकासखंड बिसवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदेशिया के मजरा भगन्तापुर में 15वें वित्त आयोग के तहत कराए जा रहे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों को दरकिनार कर घटिया सामग्री से कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, निविदा में प्रथम श्रेणी की ईटों का प्रावधान था, लेकिन मौके पर निम्न गुणवत्ता की ईटों से इंटरलॉकिंग पट्टी बिछाई जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी राज कुमार से फोन पर संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गांव के निवासी सोनू, राम खेलावन, मोनू क्लेटर सहित कई लोगों ने नाराजगी जताते हुए उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि तुलसी के घर से राम किशुन के घर तक लगभग 85 मीटर लंबाई में हो रहे इस निर्माण कार्य में खुलेआम धांधली की जा रही है।

### पुलिस की कार्रवाई में एक दर्जन गिरफ्तार, 182 वाहनों का चालान

**भदोही।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 01 वारंटी सहित कुल एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 11 व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका में बीएनएसएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया। वहीं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। यातायात पुलिस ने 164 दोपहिया और 18 चारपहिया सहित कुल 182 वाहनों का चालान करते हुए 2,36,000 रुपये का समन शुल्क लगाया। पुलिस के अनुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। गोपीगंज, भदोही, कोईरौना, दुर्गागंज एवं चौरी थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। भदोही थाना क्षेत्र में एक वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं यातायात नियमों के पालन हेतु आगे भी ऐसे अभियान जारी।

## सुभाष घई के कैडेंस म्यूजिक फेस्टिवल का भव्य समापन

● सोनू निगम, सुखविंदर सिंह और कैलाश खेर ने बिखेरा सुरों का जादू।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी।



**प्रयागराज:** व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित कैंपस में आयोजित कैडेंस म्यूजिक फेस्टिवल 2026 का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। 30 मार्च से 1 अप्रैल तक चले इस तीन दिवसीय आयोजन ने पूरे कैंपस को सुर, ताल और रचनात्मक ऊर्जा के एक जीवंत केंद्र में बदल दिया। इंडस्ट्री के दिग्गजों और छात्रों, दोनों ने इस फेस्टिवल को एक बड़ी सफलता करार दिया। दूरदर्शी फिल्ममेकर सुभाष घई द्वारा स्थापित इस फेस्टिवल ने एक बार फिर अपने उद्देश्य को सार्थक किया, जिसमें दिग्गज कलाकारों और नई पीढ़ी की प्रतिभाओं के बीच की दूरी को कम करना शामिल रहा। फेस्टिवल की शुरुआत मशहूर गायक कैलाश खेर की आत्मीय प्रस्तुति के साथ हुई, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक और ऊर्जावान बना दिया। इसके बाद दूसरे दिन का आकर्षण तब और बढ़ गया, जब दिग्गज गायक सोनू निगम ने प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी सलीम-सुलेमान के साथ मंच साझा किया। इस अद्भुत संगम ने कैंपस को एक ऐसी 'मास्टरक्लास' में बदल दिया, जहाँ संगीत की बारीकियाँ, तकनीक और भावनाओं का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

फेस्टिवल का समापन 1 अप्रैल को हुआ, जहाँ दिग्गज गायक सुखविंदर सिंह ने अपने दमदार और ऊर्जावान परफॉर्मेंस से माहौल को चरम पर पहुँचा दिया। इससे पहले, प्रसिद्ध बाँसुरी वादक नवीन कुमार ने अपनी मधुर प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुखविंदर सिंह की जबरदस्त स्टेज प्रेज़ेंस और ऊर्जा ने इस यादगार फेस्टिवल का समापन एक शानदार अंदाज़ में किया। इतने बड़े और प्रतिष्ठित कलाकारों की मौजूदगी के साथ, व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल ने एक बार फिर खुद को परफॉर्मिंग आर्ट्स के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित किया है। इस फेस्टिवल ने पारंपरिक संगीत और आधुनिक शैलियों के बीच एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों को सीखने का एक अनमोल और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कैडेंस म्यूजिक फेस्टिवल 2026 ने यह साबित कर दिया कि संगीत सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जो पीढ़ियों को जोड़ती है, प्रतिभाओं को प्रेरित करती है और रचनात्मकता को नई ऊँचाइयों तक ले जाती है।

## ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत

**ब्यूरो प्रयागराज।** रु दा पुर गांव में लगे क्रेशर प्लांट में गिट्टी लादकर प्लांट से बाहर निकल रहा ट्रैक्टर अचानक पलट जाने से गिट्टी में दब जाने ड्राइवर की मौत हो गई। बताया जाता है कि विकास विंड पुत्र घेवर विंड निवासी पतुलकी यहां ड्राइवर का काम करता था।कल वह ट्रैक्टर में गिट्टी लादकर प्लांट से बाहर निकल रहा था कि उसका ट्रैक्टर चढ़ाई पर अचानक पलट गया जिससे उसके शरीर पर गिट्टी गिर गई और उसमें वह दबकर मर गया।जब तक उसे बचाने के लिए लोग दौड़े तब तक वह मर चुका था। थरवई पुलिस सूचना पाने पर तुरंत पहुंच कर उसे पोस्ट मार्टम के लिए लास भी दिया और घर वालों की तहरीर पर मुकदमा पंजी कृत किया।मौके पर प्लांट के मालिक और कर्मचारियों की खोजबीन करने लगी लेकिन वह लोग मौके पर नहीं मिले। घर वाले सूचना पाकर पहुंचे और लाश देख कर बुरी तरह रोने पीटने लगे।

### शाहदरा में भवन निर्माण के अधिकारियों ने मांगी 12 लाख रिश्वत, घर तोड़ने की दी धमकी

**पूर्वी दिल्ली।** पिछले दिनों नगर निगम के शाहदरा उत्तरी और दक्षिणी जोन में रिश्वतखोरी के मामलों में हुई गिरफ्तारी के बीच भी अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब दक्षिणी जोन के भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों पर 12 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। इस मामले की पीड़ित ने जोनल चेयरमैन रामकिशोर शर्मा से शिकायत की तो उन्होंने अधिकारियों को लताड़ लगाई। मंगलवार को निगम कार्यालय में जोनल चेयरमैन फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे। इसी दौरान जगतपुरी निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि भवन निर्माण विभाग के एई और जेई ने 100 गज के प्लॉट पर लेंटर डालने के एवज में 12 लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। पीड़ित ने कहा कि रकम नहीं देने पर अधिकारी मकान तोड़ने और सीलिंग की धमकी दे रहे हैं। शिकायत मिलते ही चेयरमैन ने जेई और एई को मौके पर बुलाकर पीड़ित के सामने ही फटकार लगाई। उन्होंने रिश्वत लेते पकड़े गए निगम अधिकारियों का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि गलत कार्यों का अंजाम भुगतना पड़ेगा।

## पलिया कला में लघु सिंचाई विभाग में बड़ा घोटाला




● बिना टेंडर कराई जा रही बोरिंग, बीटी राजेश कुमार वर्मा साहब पर गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलिया कला (लखीमपुर खीरी):** ब्लॉक पलिया कला के अंतर्गत ग्राम बेला मालिनिया, बसंतापुर सहित कई गांवों में लघु सिंचाई विभाग में बड़े स्तर पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। सूत्र बताते हैं कि बिना टेंडर कराई जा रही बोरिंग।स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीटी राजेश कुमार वर्मा साहब द्वारा बिना किसी अधिकृत ठेकेदार (टेंडर) के बोरिंग कराई जा रही है,। जबकि सरकार द्वारा अभी तक कोई टेंडर पास नहीं किया गया है। यह नियमों का खुला उल्लंघन बताया जा रहा है।

**तैनाती पर सवाल-** बताया जा रहा है कि नकहा ब्लॉक के बीटी विजय वर्मा साहब को पलिया ब्लॉक में अटैच किया गया है, जबकि नकहा काफी दूर है। आरोप है कि वे नियमित रूप से ब्लॉक पर मौजूद नहीं रहते, जिससे कार्य बाधित हो रहा है।

**रिफ्लेक्स वाल नहीं दिए-** ग्राम पंचायत मझगई नया गांव, बेला सहित अन्य गांवों के किसानों का आरोप है कि पिछले वर्ष कराई गई बोरिंग के लिए अब तक रिफ्लेक्स वाल (Refle& Valve) राजेश कुमार वर्मा द्वारा उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बीटी विजय वर्मा साहब को हटाकर नजदीकी ब्लॉक जैसे बिजुआ या निघासन से अधिकारी की तैनाती की जाए, ताकि कार्य सही तरीके से हो सके। विभागीय जिम्मेदार लोगों के कमाऊ आचरण से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।लगातार लापरवाही, अनियमितता और कथित भ्रष्टाचार से किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

**जांच की मांग-** ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गेहूं खरीद वर्ष2026-27 की बैठक व कार्यशाला सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 की बैठक व कार्यशाला जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शासन द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल है। गेहूं क्रय की अवधि 30 मार्च से 15 जून तक गेहूं क्रय किया जाएगा। गेहूं क्रय केंद्र प्रातः 09 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे।गेहूं खरीद वर्ष 2026-2027 हेतु 69 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। गेहूं खरीद हेतु शासन द्वारा लक्ष्य अभी प्राप्त नहीं हुई है पिछले वर्ष के अनुमान से खरीद की जायेगी, लक्ष्य प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। गेहूँ क्रय केन्द्र रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर शेष कार्यदिवसों में खुले रहेगे। क्रय केन्द्रों पर आधार कार्ड, खसरा/खतौनी, पहचान पत्र, पंजीकरण कागज लेकर आना अनिवार्य होगा। क्रय केन्द्र पर क्रय पंजिका, स्टॉक बुक, टोकन पंजिका,गेहूं प्रेषण रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, शिकायत पंजिका एवं कृषक से खरीद सम्बन्धी अभिलेख अवश्य उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गेहूं क्रय केन्द्र के आस-पास आढ़तियें कदापि न भटकने पाये, यदि ऐसा पाया जाता है तो क्रय केन्द्र प्रभारी इसकी सूचना सम्बन्धित उपजिलाधिकारी देगें और यदि नही देते है तो सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## गोंडा में एलपीजी उपभोक्ताओं की जेब पर डाका; नियमों को ठेंगा दिखा रही गैस एजेंसियां

● गोंडा में गैस उपभोक्ताओं की जेब पर डाका, युद्ध की आड़ में एजेंसियों का 'कमीशन खेल' उजागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहराते युद्ध संकट के बीच जनपद की गैस एजेंसियों ने आपदा में अवसर तलाशना शुरू कर दिया है। जहाँ एक तरफ गाँवों में होम डिलीवरी लगभग ठप कर दी गई है, वहीं दूसरी तरफ जो उपभोक्ता खुद गोदाम जाकर सिलेंडर ला रहे हैं, उन्हें उनके कानूनी हक (छूट) से वंचित रखकर पूरी कीमत वसूली जा रही है।

**होम डिलीवरी पर ?20 तक की 'अवैध वसूली'**

ईरान-इजरायल तनाव से पहले जब गाँवों में गैस की गाड़ियाँ पहुँचती थीं, तब प्रति सिलेंडर 20 से 30 की अतिरिक्त वसूली को 'नियम' बना दिया गया था। ग्रामीण उपभोक्ताओं का आरोप है कि मना करने पर अगली बार सिलेंडर न देने की धमकी दी जाती है। वर्तमान में आपूर्ति बाधित होने का बहाना बनाकर होम डिलीवरी को और भी सीमित कर दिया गया है।

**गोदाम पर लाइन लगाने वालों को भी नहीं मिल रही 'कैश एंड कैरी' छूट**

पेट्रोलियम मंत्रालय के सख्त निर्देश हैं कि जो ग्राहक खुद एजेंसी से सिलेंडर उठाएगा, उसे 19.50 की नकद छूट दी जाएगी। यानी ?967.50 के बिल पर ग्राहक को केवल ?948.00 देने चाहिए। लेकिन गोंडा में स्थिति इसके उलट है; गोदाम पर घंटों लाइन लगाने के बाद भी ग्राहकों से पूरे 967.50 वसूले जा रहे हैं।

**जिला पूर्ति अधिकारी (DSO) का सख्त रुख**

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी (DSO), गोंडा ने उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कड़ा संदेश दिया है: 'गैस सिलेंडर की निर्धारित खुदरा कीमत (RSP) में उपभोक्ता के घर तक पहुँचाने का खर्च शामिल होता है। बिल पर अंकित राशि से अधिक एक रुपया भी माँगना गैर-कानूनी है। यदि उपभोक्ता स्वयं गोदाम से सिलेंडर लाता है, तो एजेंसी को 19.50 की 'कैश एंड कैरी' छूट देना अनिवार्य है। यदि कोई एजेंसी संचालक नियम विरुद्ध पूरी वसूली कर रहा है, तो उपभोक्ता तत्काल प्रमाण के साथ कार्यालय में शिकायत करें। दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी पर कार्यवाही की जाएगी। – जिला पूर्ति अधिकारी, गोंडा

**उपभोक्ताओं के लिए जरूरी जानकारी:** शिकायत कहाँ करें: किसी भी प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत IOCL (Indane) या अन्य कंपनियों के टोल-फ्री नंबर 1800-2333-555 पर दर्ज कराएं। बिल जरूर लें: हमेशा कंप्यूटराइज्ड कैश मेमो की माँग करें और देखें कि उस पर क्या दर अंकित है।

**सब्सिडी:** उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलने वाली सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा रही है, एजेंसी को अतिरिक्त भुगतान न करें।

## संक्षिप्त खबरें

### रुद्रपुर में 8 अप्रैल को रोजगार मेला, निजी कंपनियां करेंगी चयन

**रूद्रपुर, देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उ.प्र. शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में 08 अप्रैल को रामजी सहाय पीजी कॉलेज परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां पद्मिनी मेकाट्रॉनिक्स, हिताची कैश मैनेजमेंट एवं बजाज एजेंसी द्वारा देवरिया सहित अन्य जनपदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना दुबौलिया क्षेत्र में नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा देकर भगाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आदर्श पाठक उर्फ राज पाठक को ग्राम गोकुलपुर से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना दुबौलिया पर मु0अ0सं0 28/2026 के तहत धारा 137(2), 87, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की पहचान आदर्श पाठक उर्फ राज पाठक पुत्र पुर्णेशु पाठक, निवासी शंकरपुर थाना छावनी, जनपद बस्ती के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 19 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी के साथ उपनिरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्र और कांस्टेबल हेमन्त सिंह शामिल रहे।

### स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




**सिद्धार्थनगर-** खुनियांव विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बलुआ डीह में शिक्षण सत्र के प्रथम चरण में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके बाद विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विगत शैक्षणिक सत्र में सफल हुए कक्षा पांच के बच्चों को पुरस्कृत किया गया, तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्राथमिक विद्यालय बलुआ डीह में इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार उपाध्याय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में बच्चे अपने हाथों में रंग-बिरंगी झंडिया तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढ़ाओं, स्कूल चलकर नाम लिखाओ, आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, पढ़ी लिखी नारी घर की उजियारी, एक दो तीन चार साक्षरता की जय जयकार, कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार 'आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। वहीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक और शिक्षक बीच-बीच में अभिभावकों से अपील कर रहे थे कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं। विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन, कमरे, समार्ट क्लास, स्वच्छ शौचालय, पंखे, ब्लूटूथ आदि की व्यवस्था है। रैली में प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार,ग्राम प्रधान घनश्याम, हरीलाल, मंगरु मौर्या, बीडीसी रमेश चौधरी, अयोध्या चौधरी,शोभवती, सीता देवी , किसनावती आदि ने प्रतिभाग किया गया। इसके पूर्व प्रार्थना स्थल पर बच्चों को सड़क सुरक्षा पार विस्तृत जानकारी दी गई।

## शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सी डब्लू सी के चेयर पर्शन प्रेरक मिश्रा ने एआरटीओ प्रवर्तन से 10 अप्रैल आर.टी.ओ. हाजिर हों...

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र में संचालित एक इंटर कालेज के नाबालिक बच्चों के द्वारा की गयी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सी डब्लू सी के चेयर पर्शन प्रेरक मिश्रा ने एआरटीओ प्रवर्तन से 10 अप्रैल तक स्पष्टीकरण तलब किया है, कहा है की यह अमानवीय कृत्य है इसे सहन नही किया जाएगा बताते चले की उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम डुहवा मिश्र में संचालित एस एन एस बी इंटर कालेज के छात्रों ने न्यायपीठ को सम्बोधित पत्र में बताया है की 4 अप्रैल को हम लोग प्रातः काल स्कूल की बस से पढ़ने जा रहे थे, हम लोगों की बस हर्रैया थाना क्षेत्र के बड़हर पेट्रोल पम्प के पास जैसे ही पहुंची वैसे ही ए आर टी ओ बिभाग के लोगों ने बस को रुकवा लिया और बस चालक का मोबाइल छीन लिया, और कहा की वाहन की जाँच की जानी है इसलिए बस को हम लोग थाने पर ले जायेंगे, और बस में सवार बच्चों को बस से उतर जाने को कहा गया। जब हम लोगों ने कहा की अंकल हम लोग बिना बस के अब स्कूल कैसे जायेंगे, पहले हम लोगों को स्कूल छोड़वा दीजिये तब बस लेकर जाईये, तब बिभाग के लोगो ने कहा की आप लोगों को स्कूल पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी नही स्कूल प्रबंधन की हैं शिकायत पत्र मे बच्चों ने बताया है की इसके बाद हम लोगों को पैदल सुनसान राह से स्कूल जाने को विवश होना पड़ा, नाबालिक बच्चों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने इसे बच्चों के साथ अमानवीय कृत्य, एवं बाल अधिनियम 2015 की मंशा के विपरीत मानते हुए ए आर टी ओ प्रवर्तन से स्पष्टीकरण माँगा है, चेयर पर्शन प्रेरक मिश्रा ने कहा की बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के बाद ही एआरटीओ को कोई कार्यवाही करनी चाहिए थीघटना 04 अप्रैल की है। आपको बता दें एआरटीओ प्रवर्तन का पद इस वक्त, खाली हैं पीटीओ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एआरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इनकी गैर जिम्मेदारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चेकिंग के दौरान इनके सिपाहियों ने स्कूल बस के चालक को ड्राइविंग सीट से जबरिया उतार लिया और मोबाइल छीन ली।

**प्रसारण और नेटवर्क समाचार**

ड्राइवर ने स्कूल को सूचना देने के लिये मोबाइल मांगा लेकिन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने न तो मोबाइल दिया और न ही खुद स्कूल प्रबंधन को सूचित किया। प्रबंधक करूणाकर मिश्रा से बात करने पर पता चला कि बस की रजिस्ट्रेशन वैधता 7 महीने पहले समाप्त हो गई थी। जबकि परमिट 2029 तक बैध है। परमिट की बैधता देखकर स्कूल प्रबंधन भूलवश बस को संचालन के लिये फिट मानता रहा। उन्होने कहा बस पर 22 हजार रूपये जुर्माना लगा है यह तकलीफदेह नही है लेकिन स्कूल के बच्चों को जो तकली। हुई इसका कष्ट हमेशा रहेगा।

## भक्तिभाव से भगवान का वंदन देता है पुण्यफल-भीष्मपितामह मिश्र



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमावां क्षेत्र के लंगड़ा का पुरवा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथा व्यास अयोध्या श्रीधाम के भीष्मपितामह मिश्र जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लोकावतार लोक मंगल को फलीभूत करने वाला वंदनीय अवतार है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए द्वारिकाधीश ने असत्य मार्ग पर चलने वाले आततायों का विनाश सुनिश्चित कराया है। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा भक्तिभाव के समर्पण में निहित हुआ करती है। उन्होंने भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए कहा कि सृष्टि के मंगल के लिए विविध स्वरूप में भगवान धरती पर आये। कथा के दौरान भगवत भजन की संगीतमयी प्रस्तुति में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के संयोजक रामसुभग मिश्रा व अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन अधिवक्ता भरत ओझा ने किया। इस मौके पर उमेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्रा, मुरलीधर तिवारी, धीरेन्द्र पाण्डेय, कमलेश मिश्र, महेन्द्र शुक्ल, परमानंद दुबे, रमाकांत तिवारी आदि रहे।

## जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना की तैयारियों, प्रक्रिया एवं संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 देश की पहली ऐसी जनगणना होगी, जिसमें आंकड़ों का संग्रहण पूर्णतः डिजिटल माध्यमों से किया जाएगा। प्रगणकों द्वारा विशेष मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सीधे स्मार्टफोन पर परिवारों से आंकड़े संकलित किए जाएंगे। साथ ही नागरिकों को एक निर्धारित वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। बैठक में बताया गया कि जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसमें मकानों का सूचीकरण, उनकी स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। द्वितीय चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित सामाजिक एवं आर्थिक विवरण जैसे आयु, लिंग, शिक्षा, वैवाहिक स्थिति एवं आजीविका से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्रगणक एवं सुपरवाइजर की तैनाती प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व ही सीएमएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आंकड़ों के संकलन में शुद्धता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सर्वोपरि होनी चाहिए। जनगणना कार्य में लगे कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, तटस्थता एवं राष्ट्र सेवा की भावना के साथ करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता, डीईएसटीओ पन्नालाल, डीपीआरओ मनोज त्यागी, डीआईओएस डॉ. राजेश द्विवेदी, बीएसए संजय तिवारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी का संचालन बन्द कराना जिला प्रशासन के लिए बना चुनौती

### ●BEO व BSA की मिलीभगत से 04 सटर वाले कमरे में अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी के संचालन का एक वर्ष पूर्ण अवैध विद्यालयों के संचालन को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने जिले में नियुक्त किया है मजिस्ट्रेट- जिले में मजिस्ट्रेट नियुक्त होने के बाद भी जिले में फल फूल रहा अवैध विद्यालयों का करोबार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज विकासखण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोपियापार में नगर रोड पर स्थित




अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है और BEO व BSA के सहयोग से अवैध विद्यालय आक्सफोर्ड का एक वर्ष पूर्ण हो चुका है एवं दूसरे वर्ष का संचालन शुरू हो गया है। अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी के संचालन में खण्ड शिक्षा अधिकारी ( BEO ) प्रभात कुमार श्रीवास्तव अहम भूमिका निभा रहे हैं और अवैध विद्यालय का संचालन कराकर वाह-वाही लूट रहे है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ( BEO ) प्रभात कुमार श्रीवास्तव अपने भ्रष्टाचार के जाल में बेसिक शिक्षा अधिकारी ( BSA ) अनूप कुमार तिवारी को भी फंसाये हुए हैं। सूत्रों की माने तो अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी से प्रतिमाह अवैध वसूली शिक्षा विभाग कर रहा है। अवैध वसूली के चलते शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी के खिलाफ कार्रवाई करने से कन्नी काट रहे है।

अवैध विद्यालय ऑक्सफोर्ड एकेडमी गोपियापार के संचालन को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार खबरें वायरल हो रही है और सम्मानित समाचार पत्रों में खबर भी प्रकाशित हो चुकी है लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं। प्रदेश सरकार ने BEO व BSA के अलावा अवैध विद्यालयों को बन्द कराने के लिए मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया है लेकिन नियुक्त मजिस्ट्रेट भी कागज में अवैध विद्यालयों पर कार्यवाही कर रहे हैं और उल्टी सीधी रिपोर्ट शासन को प्रेषित कर रहे हैं जिससे प्रदेश सरकार की साफ - सुथरी छवि धूमिल हो रही है और प्रदेश की मंशा पर पानी फिर रहा है। बड़ा सवाल यह है कि प्रदेश सरकार के कड़े निर्देश के बाद भी नये वित्तीय वर्ष 2025 में ग्राम पंचायत गोपियापार में ऑक्सफोर्ड एकेडेमी अवैध विद्यालय कैसे खुल गया ? जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से संचालित ऑक्सफोर्ड एकेडमी स्कूल पर क्या कार्यवाही की जाती है ?

## जिले के चर्चित श्रीराम गैस एजेन्सी पर गैस को लेकर काला बाजारी का आरोप

### ●ग्रामीण शिकायतकर्ताओं का कहना है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के चर्चित श्रीराम गैस एजेन्सी पर गैस को लेकर काला बाजारी का आरोप शिकायतकर्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर गैस की आपूर्ति में अनियमितता और काला बाजारी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। 4 से 5 घंटे लाइन लगाकर खड़े उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिलता उनका बुक किया हुआ सिलेंडर को डिलीवर दिखा दिया जा रहा है कहीं ना कहीं सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं लेकिन आपूर्ति विभाग जिला प्रशासन गैस वितरण सामान्य करने में असफल साबित हो रहा है प्रदेश सरकार लाख प्रयास करें भ्रष्टाचार जनपद में बंद होने का नाम नहीं ले रहा है कहीं पुलिस विभाग तो कहीं विकास विभाग कहीं आपूर्ति विभाग कहीं राजस्व विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है यह लोग कार्रवाई नहीं करके और दबंग से पैसा लेकर पीड़ित को परेशान किया जा रहा है कब होगा न्याय जनपद में पता नहीं जगह-जगह घटनाएं हो रही है विकास विभाग में बिना कार्य कराए लूट हो रही है आपूर्ति विभाग सिलेंडर वितरण में कालाबाजारी कर रहा होटल को सप्लाई किया जा रहा हैशिकायत में बताया गया है कि 1 पहले टोकन के लिए लाईन फिर पर्ची के लिये लाईन फिर सिलेंडर के लिए लाईन तब मिलता जाकर मिलता है गैस एजेंसी पर पर्ची कटवाने के लिए पहुंचे थे, उपभोक्ताओं को बताया गया कि टोकन खत्म हो गया है। और दूसरे दिन आना पर्ची नहीं कटेगी। जबकि प्रतिदिन गैस सिलेंडर की गाड़ियां एजेंसी पर पहुंच रही हैं और सिलेंडर कहां भेजे जा रहे हैं, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं दी जा रही है।

वही सप्लाई विभाग कर्मचारी फोन नही उठाते प्रशासन ने भी काला बाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। कही न कही सप्लाई विभाग के जिम्मेदारो का सरक्षण प्राप्त है। गैस की कालाबाजारी करने वाले आपूर्ति विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है ग्रामीण जनता परेशान नजर आ रही है।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट जैसे अन्य गंभीर अपराधों में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के महदेईया तिराहे से घेराबंदी करके की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरी निवासी जमीर उर्फ जमीरुल्लाह (19) पुत्र अख्तर अली और मेराज अहमद (24) पुत्र जौब्बाद अली के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की धारा 70(2)/352, पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) के तहत मामला दर्ज था। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## ग्राम पंचायत तुलसीपुर में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का डीएम ने किया निरीक्षण

### ●किसानों से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने की अपील, लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने तहसील गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर में कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कैंप में चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कैंप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा रही है, वहीं आगामी चरण में घर-घर जाकर भी किसानों की रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाएगी, जिससे कोई भी पात्र किसान छूटने न पाए। कैंप में फार्मर रजिस्ट्री के साथ-साथ फैमिली आईडी और



आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 2,44,000 फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष अब तक लगभग 2,19,000 किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण की जा चुकी है। इस प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित कराई जाए और अभियान में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी सहित कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत डीपीआरसी गौरीगंज में भव्य कार्यक्रम आयोजित

### ●52 महिलाओं/बालिकाओं एवं 14 महिला आरक्षियों को किया गया सम्मानित

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं मुख्य विकास अधिकारी



सचिन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से 52 महिलाओं/बालिकाओं तथा 14 महिला आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी जितनी सशक्त होगी, उतना ही समाज का समग्र विकास संभव होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं महिलाओं को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना भी है। उन्होंने कहा कि जनपद में महिलाओं के उत्थान हेतु विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे उन्हें हर स्तर पर सशक्त बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया पुलिस विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम, हेल्पलाइन सेवाएं एवं सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर समाज में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस आरक्षियों द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए, जिससे उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ। वहीं विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा स्थापना दिवस पर 'गांव चलो अभियान' को मिली मजबूती, कोहरगड्डी में कार्यकर्ताओं का जोश दिखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'गांव चलो अभियान' के तहत शक्ति केंद्र कोहरगड्डी में रविवार को एक भव्य एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे खास बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण साफ तौर पर देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा युवा नेता सलीम खान रहे, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के संस्थापक नेताओं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं संगठन के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री छोटकऊ यादव व जिला पंचायत सदस्य नवीन विक्रम सिंह ने



अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए आत्ममंथन और संकल्प का दिन है। उन्होंने कहा कि 'गांव चलो अभियान' के माध्यम से पार्टी का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं का समाधान करना और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर जनसंवाद स्थापित करें और भाजपा की नीतियों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रतिनिधि विजयपाल प्रजापति ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, सुशासन और विकास के मूल मंत्र के साथ काम करता है। मंडल उपाध्यक्ष जानकी प्रसाद पाल ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा के सक्रिय नेता अजय सिंह ने कहा कि 'गांव चलो अभियान' पार्टी की जमीनी पकड़ को और अधिक मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक रामनेवास विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष व प्रधान पल्टूराम, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, जगतराम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे आवास, शौचालय, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि आदि–की जानकारी भी लोगों को दी गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। समापन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को दोहराते हुए गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## पानी टंकी के बाउंड्रीवॉल निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

### ● कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी के निर्माण में धांधली का मामला गरमाता जा रहा है। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और कार्यदायी संस्था पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत बन रहे पानी टंकी की बाउंड्री वॉल के निर्माण में मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दीवार बनाने में बेहद दोयम दर्जे की सेम ईंटों का प्रयोग हो रहा है और सीमेंट की मात्रा भी न के बराबर रखी जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बाउंड्री वॉल की जुड़ाई और प्लास्टर का काम इतना कमजोर है कि वह कुछ ही समय में ढह सकता है। ग्रामीण शैलेश यादव, शाहरूख खान, सुग्रीव, दीपू पासवान, विनायक यादव, गगन गुप्ता, अंकित, त्रिलोकी साहनी, उमेश कुमार, मुन्ना समेत अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और कार्यदायी संस्था मानक को ताक पर रखकर काम करा रहे हैं। ऐसे में बाउंड्री वॉल और प्लास्टर में सीमेंट की मात्रा इतनी कम है कि यह पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी। ऐसे में ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उच्चाधिकारियों की टीम भेजकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराई जाए तत्पश्चात मानक के अनुरूप पुनः निर्माण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जनता को सुरक्षित ढंग से मिल सके। वहीं कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है।

# जलवायु-अनुकूल खेती : जब खेतों ने मौसम से हारना छोड़ दिया

**[ कृषि का नया डीएनए: विविधता, स्थिरता और समृद्धि ]**

**[ हर बूंद में जीवन, हर जड़ में शक्ति: जलवायु-अनुकूल खेती का दर्शन ]**

जब आसमान आग उगलने लगे, बादल कहर बनकर टूट पड़ें और धरती की दरारें किसान की हथेली से भी गहरी हो जाएं, तब केवल फसल नहीं, पूरा जीवन उजड़ जाता है। बीते वर्षों में भारत के करोड़ों किसानों ने यही दर्द झेला है। 2025 में करीब 9.47 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र सूखा, बाढ़ और लू जैसी चरम मौसम घटनाओं से प्रभावित हुआ, जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ। जहां कभी हरियाली लहराती थी, वहां निराशा का सन्नाटा छा गया। लेकिन इसी अंधेरे से एक नई उम्मीद उभरी है। जलवायु-अनुकूल खेती (क्लाइमेट रेजिलिएंट फार्मिंग) अब केवल खेती का तरीका नहीं, बल्कि किसान के भविष्य की सबसे मजबूत ढाल बन चुकी है।

प्रकृति से लड़कर नहीं, उसके साथ चलकर ही खेती सुरक्षित बनती है। वर्षों तक किसान एक खेत में केवल एक फसल बोते रहे। मौसम बिगड़ा, तो पूरी मेहनत एक झटके में खत्म हो गई। अब खेतों में बदलाव दिख रहा है। गेहूं के साथ दालें, तिलहन, मोटे अनाज और सब्जियां भी उगाई जा रही हैं। यदि गर्मी गेहूं को नुकसान पहुंचाए, तो दूसरी फसलें किसान की कमाई बचा लेती हैं। इससे मिट्टी की ताकत बनी रहती है और उत्पादन भी स्थिर रहता है। ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों में इस तरीके से फसल नुकसान काफी हद तक घटा है। अब किसान समझ रहे हैं– खेत में जितनी अधिक विविधता होगी, उतनी ही अधिक सुरक्षा भी मिलेगी।

मिट्टी बची रहे, तभी खेती की ताकत कायम रहेगी। वर्षों तक उपेक्षित यह मिट्टी रासायनिक उर्वरकों से कमजोर हो गई थी–नमी, उर्वरता और जीवन शक्ति खो गई थी। अब जलवायु-अनुकूल खेती ने इसे सुधारना शुरू किया है। मिट्टी स्वास्थ्य पत्रक ने किसानों को बताया कि किस खेत को किस पोषण की जरूरत है। गोबर, कम्पोस्ट, जैविक खाद और फसल अवशेषों से बनी खाद का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। नतीजा साफ है–मिट्टी लंबे समय तक नमी रखती है, कम बारिश में भी जड़ें सूखी नहीं होतीं। जैविक तत्व मिट्टी को इतना मजबूत बनाते हैं कि तेज धूप, सूखा और अनियमित बारिश में भी फसल सुरक्षित रहती है। इसलिए आज मिट्टी केवल जमीन नहीं, यह खेत की जीवित शक्ति और किसान की सबसे बड़ी सुरक्षा बन चुकी है।

जहां खेती बारिश पर निर्भर हो, वहां पानी की हर बूंद अनमोल है। पहले एक हेक्टेयर खेत की सिंचाई में लगभग 10 हजार लीटर पानी लगता था, फिर भी फसल सुरक्षित नहीं रहती थी। अब ड्रिप और स्प्रिंकलर इरिगेशन ने यह तस्वीर बदल दी है–वही खेत अब केवल 4 हजार लीटर पानी में सींचे जा रहे हैं। जलवायु-अनुकूल खेती हर बूंद बचाने की सीख देती है। वर्षा जल संचयन, खेत तालाब, जलग्रहण और भूजल पुनर्भरण जैसे उपायों से सूखे क्षेत्रों में नई उम्मीद जगी है। किसान अब बारिश का पानी बहने नहीं देते, बल्कि कठिन दिनों के लिए सहेजते हैं। इससे पानी, बिजली और सिंचाई की लागत घटती है, और जहां पहले सूखा फसल नष्ट कर देता था, वहां अब फसल बचने की संभावना दोगुनी हो गई है।

बदलते मौसम के सामने अब खेती ने हार मानना छोड़ दिया है। ऐसे गेहूं तैयार हुए हैं जो कम पानी में भी मजबूत रहते हैं, ऐसे धान



विकसित हुए हैं जो बाढ़ में भी नहीं डूबते, और ऐसी दालें सामने आई हैं जो तेज गर्मी व लू झेल सकती हैं। इसी ने खेती में नई क्रांति पैदा की है। 2014 से 2024 के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने 2900 फसल किस्में विकसित की हैं, जिनमें से 2661 जलवायु-अनुकूल हैं। राष्ट्रीय जलवायु-अनुकूल कृषि नवाचार योजना के जरिए ये बीज गांव-गांव पहुंच रहे हैं। इनके साथ शून्य जुताई, फसल अवशेष प्रबंधन और सामुदायिक बीज भंडार जैसी व्यवस्थाएं भी जुड़ रही हैं। पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई गांवों में इन उपायों से फसल हानि 25 से 35 प्रतिशत तक घट चुकी है।

अब किसान अकेला नहीं, पूरा गांव मौसम की मार से लड़ रहा है। जलवायु-अनुकूल खेती की सबसे बड़ी ताकत यही है। देश के 151 जलवायु-संवेदनशील जिलों में 448 जलवायु-अनुकूल गांव बन चुके हैं। किसान उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूह और ग्राम समितियां मिलकर मौसम, बाजार, बीज और पानी की जानकारी बांट रही हैं। कृषि विज्ञान केंद्र में महिलाएं और युवा प्रशिक्षण लेकर पशुपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन और मत्स्यपालन जैसे काम भी कर रहे हैं। इससे आय के कई रास्ते खुल रहे हैं। एक फसल खराब हो जाए, तब भी दूसरा काम परिवार को संभाले रखता है। यही कारण है कि यह मॉडल केवल खेती नहीं, गांव की नई ताकत बन गया है।

अब असर खेतों में साफ दिखाई दे रहा है। जहां पहले मौसम की मार से फसलों का नुकसान काफी अधिक होता था, वहीं जलवायु-अनुकूल खेती अपनाने वाले क्षेत्रों में नुकसान काफी कम हो गया है। किसानों की आय 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ी है। मिट्टी फिर से उपजाऊ हो रही है, जलस्तर सुधर रहा है और खेतों में जैव विविधता लौट रही है। जिन खेतों से पक्षी और छोटे जीव गायब हो गए थे, वहां फिर जीवन दिखाई देने लगा है। मिट्टी की कार्बन रोकने की क्षमता भी बढ़ रही है, जिससे पर्यावरण को लाभ मिल रहा है। 651 जिलों में जलवायु जोखिम का अध्ययन हो चुका है और 310 जिलों के लिए विशेष योजनाएं बन चुकी हैं। यह केवल खेती की जीत नहीं, आने वाले कल की सुरक्षा है।

अब समय आ गया है कि जलवायु-अनुकूल खेती कुछ इलाकों तक नहीं, पूरे देश तक पहुंचे। हर खेत, हर गांव और हर किसान इसका हिस्सा बने। सरकार, कृषि वैज्ञानिक, किसान संगठन और स्थानीय संस्थाएं मिलकर काम करें, तो भारत खेती का नया वैश्विक मॉडल बन सकता है। सबसे छोटे किसान तक बेहतर बीज, पानी बचाने की तकनीक, प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता पहुंचनी चाहिए। जिस दिन देश का हर खेत मौसम की मार के सामने मजबूती से खड़ा होगा, उस दिन किसान केवल सुरक्षित नहीं, समृद्ध भी होगा। आने वाले वर्षों में यही मॉडल भारत को खाद्य सुरक्षा, मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 की दिशा में सबसे आगे ले जाएगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# बहुत आपत्तिजनक हैं ट्रंप के असंयमित असभ्य बयान

डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों काफी असंयमित भाषा बोल रहे हैं। अमेरिकी नेताओं ने डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर गहरी चिंता जताई है, जिसमें उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान को धमकाते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया. ट्रंप ने ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर और पुलों पर हमले की चेतावनी दी. उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, 'ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट और ब्रिज डे होगा... होर्मुज स्ट्रेट खोलो, नहीं तो नर्क में जीओगे.'यह जलमार्ग दुनिया के सबसे अहम तेल और गैस सप्लाई रूट्स में से एक है, जो फरवरी के अंत में अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से लगभग बंद है, जिससे वैश्विक बाजार में तेल कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं. ट्रंप ने होर्मुज को लेकर ईरान को कई बार धमकी दी है और इस समुद्री मार्ग को खोलने का अल्टीमेटम दे चुके हैं. उन्होंने होर्मुज को खोलने में अमेरिका की मदद नहीं करने के लिए यूरोपीय व नाटो सहयोगियों पर भी नाराजगी जताई है. ट्रंप ने यहां तक चेतावनी दी कि अमेरिका नाटो से बाहर निकल सकता है. अपने इस पोस्ट में ट्रंप ने ईरान के लिए ऐसे अपशब्दों का इस्तेमाल किया, जिसकी किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष से उम्मीद नहीं की जाती. हालांकि हम जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर कभी कोई मुकदमा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दर्ज होगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस समय उनकी भाषा में जो गिरावट स्पष्ट स्पष्ट परिलक्षित है, कम से कम उसका विश्व समुदाय को विरोध करना चाहिए।

**सीखड़ मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत हासीपुर गांव में मंगलवार को दोपहर दो बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तिंलगा मुतलके हासीपुर गांव निवासी अखिलेश प्रकाश दुबे एवं दवेश प्रकाश दुबे पुत्र जटाशंकर दुबे के गेहूं के खेत में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।आग लगते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास के अन्य किसानों की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी, जिससे भारी नुकसान होने की आशंका थी।

## महिला के साथ दुष्कर्म करने के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना लालगंज जनपद मीरजापुर सोमवार को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की पुत्री को शादी का झासा देकर दुष्कर्म करने, गाली-गलौज व आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-115/2026 धारा 69,77, 351(3),352 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की याथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी लालगंज को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांकः 07.04.2026 को उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव मय पुलिस टीम द्वारा नामजद अभियुक्त राम बहादुर विश्वकर्मा पुत्र परमात्मा प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम मेढरा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## अवैध पिस्टल मामले में आरोपी को सजा

**भदोही।** जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत आयुध अधिनियम के एक मामले में आरोपी को सजा दिलाई गई। मामला वर्ष 2010 का है, जब थाना भदोही क्षेत्र के लिप्पन तिराहे पर चेकिंग के दौरान आरोपी नौशाद अहमद को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की प्रभावी विवेचना, साक्ष्य संकलन एवं लोक अभियोजक की पैरवी के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि तथा 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना न देने पर 5 दिन के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अपराधों में त्वरित सजा दिलाने हेतु अभियान जारी है।

# भदोही जिले में सोनार समाज महापंचायत की तैयारी ज़ोरों से- लोकेश सेठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ** में आगामी 11 अप्रैल को होने वाली सोनार समाज की महापंचायत की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ ने कहा कि पुरे जनपद में स्वर्णकार समाज के लोग लगे है। जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ ने कहा की हम भी अपने टीम के साथ जनपद के सभी नगर व बाजारों में जाकर सभी से मिलकर समाज के लोगों से महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी एकता प्रदर्शित करने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सेठ जी द्वारा बताया गया की लखनऊ के रविंद्रालय में आयोजित होने वाली इस महापंचायत में सोनार समाज की विभिन्न समस्याओं, अधिकारों और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी, और उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज राष्ट्रवादी विचारधारा से ओत-प्रोत है। संख्या बल होने के बावजूद स्वर्णकार समाज को उनके हिस्से की राजनीति दल भागीदारी नहीं देते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण समाज का बंटा होना है। हमें अपने अधिकार की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। इसके लिए हम सभी को आपसी रागद्वेष भूल कर एक सूत्र में बंध कर कार्य करना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि जिस तरह से अन्य समाज को राजनीत पार्टियां भागीदारी देती हैं, उसी तरह से स्वर्णकार समाज को भी मिलनी चाहिए। महापंचायत में स्वर्णकाल बोर्ड के गठन, साहूकारिता लाइसेंस की बहाली, स्वर्ण व्यवसायियों को सशक्त न्याय दिलवाने तथा स्वर्ण व्यवसायियों को शास्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया जाएगा। साथ ही, समाज को संगठित और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया जायेगा।

स्थानीय पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और आगामी कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने योगदान दिए। इस दौरान प्रदेश मंत्री राकेश वर्मा जिलाध्यक्ष लोकेश से , अध्यक्ष सुरियावा मनोज वर्मा उपाध्यक्ष दीपनारायण वर्मा मुन्ना महामंत्री संजय सेठ, कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, आनंद सेठ, खुशियाल सेठ, सचिव शिवम् सेठ, अनिल वर्मा, ओमप्रकाश सेठ, उपाध्यक्ष रवि सेठ, संगठन मंत्री सतीश सेठ सोनू,वीरेन्द वर्मा, पुर्व, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सेठ, एवं कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण केंद्र- देवेन्द्र मिश्र



परिषदीय विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं,और प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम इसकी पुष्टि करते हैं। यह विचार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के महामंत्री,और ए आर पी देवेन्द्र कुमार मिश्र ने न्याय पंचायत पूरे मनोहर के प्राथमिक विद्यालय निदुरा में विद्या ज्ञान के सफल छात्र अनमोल सिंह को सम्मानित करते हुए व्यक्त किए। गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय निदुरा के कक्षा 5 के छात्र अनमोल सिंह ने विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय,और माता पिता का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा विद्यालय में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, जितेंद्र कुमार, अवलेश पटेल, दिनेश चंद यादव, राकेश कुमार,साधना निगम, अनिल पाल, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल संकुल नंद राज मौर्य ने किया।

# गोवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन सख्त, 4415 गोवंश सुरक्षित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में गोवंश संरक्षण एवं गो-सेवा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित कर गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता गो-सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं सदस्य दीपक गोयल ने की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उपाध्यक्ष ने गोवंश संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिया कि गो-आश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं, कार्मिकों का भुगतान समय से किया जाए तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित हो। गर्मी को देखते हुए गोवंश के लिए छाया, पानी और टिन शेड पर पुआल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 28 स्थायी गो-आश्रय स्थल, 3 वृहद संरक्षण केंद्र एवं 1 कान्हा गौशाला संचालित हैं, जिनमें 4415 से अधिक गोवंश सुरक्षित हैं। वहीं 567 पशुपालकों द्वारा 1465 गोवंश को अपनाकर सामुदायिक सहभागिता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गोवंश संरक्षण कार्यों को पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ संचालित किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर परिणाम सुनिश्चित हो सकें।

# 3100 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण अभियान

**● शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या के बीच पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने अपने सतत वृक्षारोपण अभियान के तहत 3100वें दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर, विकासखंड ज्ञानपुर के प्रांगण में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने सिंगोनियम का पौधा रोपित करते हुए छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

श्री गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 10 अक्टूबर 2017 से प्रतिदिन पौधरोपण करने का संकल्प लिया था, जिसे वे निरंतर निभा रहे हैं। उनका यह अभियान समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। शिक्षकों ने बच्चों को पौधों की देखभाल करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से जहां विद्यालय परिसर हरित हो रहा है, वहीं बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो रही है।

## स्कूल चलो अभियान एवं संक्रामक रोग बचाव हेतु निकाली रैली

**गोपीगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रैपुरी मैं स्कूल चलो अभियान एवं संक्रामक रोग बचाव हेतु रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मनोज सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया,रैली मे विद्यालय परिसर से ग्राम सभा के विभिन्न वार्डो से होते हुए हनुमान मंदिर तक एवं समापन विद्यालय परिसर में हुआ।रैली में बच्चों के विभिन्न नारो के साथ हर घर में एक दीप जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा तो आगे बढ़ेंगे,शिक्षा है अनमोल रतन पढ़ने का तुम करो जतन, सब बच्चों का नारा है शिक्षा अधिकार हमारा है, शिक्षा ऐसी सीढी है जिससे चलती पीढ़ी है,रैली के समापन के अवसर पर मनोज सिंह के द्वारा सभी बच्चों को स्कूल प्रतिदिन आने और अधिक से अधिक नामांकन करवाने हेतु तथा प्रधानाध्यापक सतीश तिवारी के द्वारा सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया इस रैली में विद्यालय के शिक्षक संदीप कुमार दुबे श्रीमती राधिका तिवारी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीईओ उरुवा ने प्रधानाध्यापकों के साथ विभागीय कार्यों की ली मासिक समीक्षा बैठक

**● उरुवा के 29 परिषदीय विद्यालयों को निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में किया गया सम्मानित।**

**बीईओ उरुवा के कार्यालय सभागार में मार्च महीने की मासिक बैठक संपन्न।**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मेजा, प्रयागराजः** बीआरसी उरुवा के सभागार में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार मंगलवार को ' मासिक बैठक ' एवं ' निपुण विद्यालय सम्मान समारोह ' का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड उरुवा के परिषदीय विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों के साथ बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने लगभग 2 घंटे उनके साथ बैठकर विभागीय कार्यों के संपादन एवं समीक्षा की जानकारी ली और शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का समय से पालन करने को कहा। बैठक में कर्मयोगी प्रशिक्षण, स्कूल चलो अभियान रैली, किताब वितरण, निपुण आकलन, अपार आईडी, डीबीटी, समाचार पत्र, डिजीटल उपस्थिति, यू डाइस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल व ड्रॉपबॉक्स में पड़े स्टूडेंट को संबंधित विद्यालय में इंपोर्ट करने की समीक्षा, प्रत्येक विद्यालयों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर समय सारणी को अपलोड करना, डीबीटी से संबंधित कार्यों का शत प्रतिशत पूर्ण किया जाना, शैक्षिक सत्र 2026- 27 में नवीन नामांकन का रजिस्ट्रेशन एवं पुराने छात्रों को प्रेरणा पोर्टल पर सत्यापित किए जाने की समीक्षा, विद्यालयों में चर्चा भवन से संबंधित सूचनाओं की समीक्षा, कंपोजिट धनराशियों का व्यय विवरण विद्यालय की बाहरी दीवारों पर लिखवा जाने के संबंध में जानकारी, एमडीएम के अंतर्गत विद्यालय में मानक के अनुसार रसोईया चयन की स्थिति, विद्यालय समय अवधि के दौरान शौचालय खुले होने की स्थिति तथा विद्यालय निरीक्षण के दौरान शिक्षक डायरी की समीक्षा, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर समीक्षा व प्रशश्त एप आदि अन्य कई और बिंदुओं पर समीक्षा की गई। ब्लॉक के एआरपी अजीत मिश्रा ने परिषदीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 में निपुण घोषित हुए उरुवा ब्लॉक के 29 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की सूची में से नाम पढ़कर एक-एक करके मंच पर बुलाया। एआरपी रामानंद शुक्ल ने बताया कि परियोजना लखनऊ द्वारा उरुवा ब्लॉक के कुल 93 विद्यालयों का निपुण आकलन तीन चरणों में किया गया था,जिसके सापेक्ष कुल 29 विद्यालय परियोजना द्वारा निपुण घोषित किया गया। जिसका रिजल्ट 31ज़5 प्रतिशत रहा। बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने ब्लॉक के निपुण हुए 29 विद्यालयों जिसमें टूड़िहार, अकोढा, कोड़निया, कोठरी, सिगारों, केवटाही, अछोला, खानपुर, बैदौली, जनवार, सिरसा पश्चिमी, बरी, कठौली, गौराचौकठा, खमिनिया, अरई, भभौरा, हनुमान सहायपूरा, बीरपुर पटखौली, भिगारी, डुहिया, उरनाह, समोगरा, सोनबरसा आदि विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समस्त कार्यक्रम बीआरसी उरुवा के लेखाकार कृष्ण कुमार शुक्ल की देखरेख में संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर पूर्व एआरपी राजेश मिश्रा, प्रीतम दास व एआरपी जगदीश मिश्रा, प्रमोद शुक्ला तथा शिक्षक विनोद शुक्ला, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद पांडेय, पुष्कर द्विवेदी, रविशंकर द्विवेदी, विद्या यादव, माया तिवारी, राजेश कोलहा, कृष्णा कांत सिंह व इकबाल अहमद आदि विद्यालयों के शिक्षक व प्रधानाध्यापक उपस्थित रहें।।

# महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 के द्वितीय चरण

**● जनपदीय पुलिस अधिकारी, महिला बीट आरक्षी, एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों के प्रति तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान कर किया जा रहा जागरुक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु वासन्तिक नवरात्र के पावन पर्व के प्रथम दिवस 19.03.2026 से 30 दिवसीय चलाए जा रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी, एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0 एम0 स्वानिधि योजना,पी0 एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच-बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य अवगत कराने के सुझाव दिये गये । सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मो के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड की घटना घटित होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने व उसके द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें। अपनी जन्मतिथि, नाम, मोबाइल नंबर, आदि का इस्तेमाल कभी भी पासवर्ड बनाने में ना करें, एक ही पासवर्ड का प्रयोग विभिन्न सेवाओं वेबसाइट और ऐप में ना करें, अनजान व्यक्तियों से प्राप्त वीडियो कॉल को रिसीव ना करें, अपने निजी और बैंकिंग डिटेल्स को किसी के साथ फोन या ईमेल पर एसएमएस के जरिए शेयर ना करें, फ्री वाई-फाई का इस्तेमाल करने से बचें तथा शॉपिंग और बैंकिंग के लिए इसका इस्तेमाल कदापि न करें। साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# जिलाधिकारी ने पीसीएफ द्वारा संचालित गेहूँ क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण-खरीद न होने पर व्यक्त की नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार अचानक किसान सेवा सहकारी समिति लालगंल व ग्राम बेलाही फार्मर रजिस्ट्री कैंप का किया निरीक्षण। मौके पर खरीद व्यवस्था ठप मिली और किसान इंतजार करते नजर आए। जिस पर जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ा असंतोष जताया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ से जिले के सभी क्रय केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली। पड़ताल में यह एन्होंने बताया कि कई केंद्रों पर जियो टैगिंग पूरी न होने के कारण खरीद शुरू ही नहीं हो सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि तकनीकी कारणों का हवाला देकर किसानों को परेशान न किया जाए और इसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। लालगंज क्रय केंद्र पर प्रभारी से जब खरीद ठप होने की वजह पूछी गई तो जियो टैगिंग अधूरी होने की बात सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि बिना किसी देरी के जियो टैगिंग पूरी कर सभी केंद्रों को सक्रिय किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूं खरीद में लापरवाही सीधे किसानों के हितों पर चोट है। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी केंद्रों पर पारदर्शी और सुचारु खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि एक भी पात्र किसान पंजीकरण से वंचित न रहे। सभी का समयबद्ध पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। फार्मर रजिसट्री कैम्प निरीक्षण के समय किसनों के प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देशित करते हुये कहा कि जिस गांव का कार्य पूरा हा जाए तो सभी कर्मचारियों को अगले गांव में कैम्प लगाकर कार्य प्रगत में तेली लाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, बनदोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक त्रिपाठी, उप जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार, विकास खंड अधिकारी अशुल हिंदल, के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से अवैध रूप से भारत में निवास कर रहे 04 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**● 04 अदद मोबाइल फोन सहित अन्य दस्तावेज बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वांछित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी सहित संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षको को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0कटरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग करते समय फर्जी दस्तवाजे के माध्यम से भारत में अवैध रुप से निवास कर रहे 04 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है । सोमवार को थाना को0कटरा पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी कि इस दौरान रेलवे स्टेशन मीरजापुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पर नजर पड़ी, संदेह होने पर पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम पता मो0 सबूज हुसैन पुत्र मो0 समसुलहक निवासी दनाजपुर थाना पीरगंज जिला ठाकुरगांव/ठाकुरगंज विभाग रंगपुर (प्रदेश) बंगलादेश बताते हुए यह भी बताया कि उसका भाई सब्बीर हुसैन जो बांग्लादेश से मुझे व 02 अन्य साथियों के साथ लाया है जो वर्तमान समय में डगमगपुर पड़ी मीरजापुर में प्रदीप सिंह के पी0के0 क्रेशर पर कार्य करते है । अभियुक्त की निशानदेही पर उपरोक्त क्रेशर प्लांट से 03 अन्य अभियुक्तों सब्बीर हुसैन पुत्र मो0समसुलहक निवासी दनाजपुर थाना पीरगंज जिला ठाकुरगंज विभाग रंगपुर(प्रदेश)बांग्लादेश, नरेशदास पुत्र सुनील दास ग्राम बाराबन्दर योगेन्दर बाबू मठ थाना कोतवाली दनाजपुर विभाग रंगपुर (प्रदेश)बांग्लादेश व जयदास पुत्र नमोचन्द्रदास ग्राम नरेशदादा के गांव बांग्लादेश को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया । बरामद मोबाइलो से आधार कार्ड व पैन कार्ड, बांग्लादेश की वोटर आईडी व पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-94/2026 धारा 319(2), 318(4), 338,336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस, 2/17 नागरिकता अधिनियम व 3/21 अप्रवास व विदेशियों विषयक अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।



**विवरण पूछताछ**

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग बांग्लादेश से दलाल को पैसे देकर सीमा/नदी पार कर पश्चिम बंगाल के रायगंज पहुंचे, वहां से कालियागंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से उ0प्र0 आगरा गए और काम की तलाश में आगरा से मीरजापुर आयें । जहां डगमगपुर पड़री में पी0के0 क्रेशर पर अपनी बांग्लादेशी पहचान छुपाकर काम करने लगे तथा सब्बीर व मो0सबूज ने फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्राम दसौती पोस्ट सौधी जिला कैमूर बिहार के पते पर अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवा लिया और तब से हम लोग प्रदीप सिंह के क्रेशर पर काम कर रहे थे।

# अहरौरा फर्जी टोल प्लाजा हटाओ

**20 किमी क्षेत्र में फ्री पास दोः डॉ. शिवकुमार सिंह पटेल**



**मिर्ज़ापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार सिंह पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए डॉ. पटेल ने कहा कि अहरौरा में फर्जी टोल प्लाजा लगाकर जनता की मेहनत की कमाई लूटी जा रही है। सांसद और विधायक की मिलीभगत से यह लूट जारी है, जबकि वे मौन साधे हुए हैं।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अहरौरा टोल प्लाजा हटाने तथा आसपास के 20 किलोमीटर क्षेत्र के लोगों को फ्री पास देने की मांग की। धरने में कांग्रेस के स्नातक प्रत्याशी अरविंद सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य शंकर चौबे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मिन्हाज अहमद, छोटे खान, गुलाबचंद पांडे, दुर्गा प्रसाद चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रीवांचल एक्सप्रेस के नैनी स्टेशन पर ठहराव की मांग तेज, सांसद को सौंपा ज्ञापन



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी।स्टेशन पर रीवांचल एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने अपनी मांग को तेज कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को व्यापार मंडल नैनी के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद उज्जवल रमण सिंह को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में नैनी स्टेशन पर रीवांचल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग करते हुए यात्रियों को हो रही असुविधाओं का उल्लेख किया गया। इस पर सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि इस मांग को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही रीवांचल एक्सप्रेस के नैनी स्टेशन पर ठहराव के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल नैनी के महामंत्री धीरेन्द्र यादव 'धीरू', नयन कुशवाहा, सतीश श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, उमाशंकर प्रजापति, प्रदीप मिश्रा 'अंशुमन', सुभाष केसरवानी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### विशाल माँ भगवती जागरण को सफल बनाने के लिए संरक्षक का किया गया स्वागत



**ब्यूरो प्रयागराज।** नैनी प्रयागराज हनुमान नगर मे 9 वां विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जागरण कमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल पत्रकार ने संरक्षक विनोद जायसवाल को सम्मानित किया इस दौरान उनको माल्य अर्पण कर स्वागत किया। इस दौरान डॉ समर किशोर राठेर, लाल जी जायसवाल, उपाध्यक्ष लाला जायसवाल, महा सचिव धर्मराज पटेल, सलाहकार उमेश विश्वकर्मा, सचिव डॉ राकेश विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, विवेक कुमार, संदीप कनोजिया, वीरु आर्या, संरक्षक धीरु यादव, ज्वांय सेन पंडाल व्यवस्थापक सुनील सेन, मीडीया प्रभारी शुनील यादव, उप मंत्री गोल्डी जायसवाल, उत्तम केसरवानी, आदि रहे।

### थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-138/26 धारा-65(1)/ 352/ 351(2) भा0न्या 0सं 0 व 3/ 4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त सागर गौतम पुत्र स्व0 रविन्द्र उर्फ पप्पू निवासी ग्राम पूरे मथूरादास थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-07.04.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बासुपुर स्थित शिव मंदिर तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सागर गौतम उपरोक्त द्वारा दिनांक-28.03.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत नाबालिक युवती के साथ छेड़खानी कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी, जिसके सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-138/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-** सागर गौतम पुत्र स्व0 रविन्द्र उर्फ पप्पू निवासी ग्राम पूरे मथूरादास थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।

### अखिलेश यादव के राज को बताया 'ल्यारी राज', लखनऊ में लगे पोस्टर पर मचा बवाल

2027 के विधानसभा चुनावों से पहले, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को निशाना बनाते हुए बॉलीवुड फिल्म धुरंधर से प्रेरित पोस्टर लखनऊ और अमेठी के कुछ हिस्सों में लगाए गए हैं। अमेठी रेलवे स्टेशन के बाहर और विभिन्न चौराहों पर लगाए गए पोस्टरों पर नारा लिखा है, 'आपको क्या चाहिए? अखिलेश का ल्यारी राज? 'ल्यारी' का संदर्भ पाकिस्तान के कराची शहर के एक इलाके से है, जो कभी गिरोह हिंसा के लिए कुख्यात था और जिसका जिक्र फिल्म में भी किया गया है। ऐसा लगता है कि इस संदेश का उद्देश्य उस इलाके की छवि और समाजवादी पार्टी के नेता के कार्यकाल के बीच तुलना करना है।

# अधिवक्ता समीर हत्याकांडः फांसी की सजा का फैसला सुन फीके पड़े चेहरे, 52 पेज का फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली इलाके के मोहल्ला लद्दावाला निवासी अधिवक्ता समीर सैफी (28) की सात साल पहले अपहरण के बाद हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-तीन के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने सिंगोल अल्वी, सोनू उर्फ रिजवान, शालू उर्फ अरबाज को फांसी की सजा सुनाई। वहीं, अदालत ने साक्ष्य खुदबुर्द करने में दिनेश को सात साल की कैद की सजा सुनाई। सभी पर कुल 15 लाख 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। अदालत ने फैसले में लिखा है कि हमला केवल अधिवक्ताओं पर ही नहीं, बल्कि एक संस्था पर हमले के समान है। एडवोकेट बार को सीधे चुनौती देने जैसा है। अधिवक्ता की हत्या न हो, इसलिए मृत्युदंड देना चाहिए। अधिवक्ता समीर सैफी ने 15 अक्तूबर 2019 को अपने चैंबर का उद्घाटन किया था। इसके बाद शाम को संदिग्ध हालात में लापता हो गए थे। पिता अजहर ने गुमशुदगी दर्ज कराई। 19 अक्तूबर को भोपा थाना क्षेत्र के सीकरी से उनका शव बरामद हुआ। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अधिवक्ता के दोस्त सिंगोल अल्वी से पूछताछ की तो हत्या की वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने अल्वी, उसके ड्राइवर सोनू उर्फ रिजवान, नौकर शालू उर्फ अरबाज एवं दिनेश को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि अपहरण के बाद अधिवक्ता को भोपा रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास ले गए। रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों मोबाइल कूकड़ा रोड स्थित नाले में फेंक दिए।

इसके बाद शव को बोरे में बंद कर सीकरी फार्म हाउस में गड्ढा खोदकर मिट्टी में दबा किया था। मुर्गी फार्म के 40 लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। वादी के अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बताया कि छह गवाह पेश किए गए। चार अप्रैल को आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ था। शहर के बकरा मार्केट निवासी सोनू उर्फ रिजवान, सिंगोल अल्वी, शालू उर्फ अरबाज को फांसी की सजा सुनाई गई। भोपा के सीकरी गांव निवासी दिनेश को सात साल कारावास की सजा हुई।

समीर सैफी हत्याकांड में अदालत ने शैलेंद्र जसवंत भाई बनाम स्टेट ऑफ गुजरात, माछी सिंह, बच्चन सिंह, निर्मल सिंह, धनंजय चटर्जी, शंकर लाल, त्रिवेणी बेन, मुकेश और पुरुषोत्तम केस की रुलिंग भी लिखी गई है। इनके हवाले से पूरे प्रकरण को स्पष्ट करने की कोशिश की गई। मुजफ्फरनगर के लद्दावाला के समीर सैफी (28) की हत्या के मामले में अदालत ने करीब सात साल बाद फांसी की सजा का फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-तीन के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने अपने 52 पेजों के फैसले में रिश्तों में हत्या, मानवीय पहलू, अधिवक्ताओं के अधिकार और विवेचना की स्थिति पर टिप्पणी की है।

## थाना हण्डिया पुलिस टीम 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**प्रयागराज** थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत भेस्की ओवर ब्रिज के पास से 01 अभियुक्त रवि पासी पुत्र स्व0 लालबहादुर निवासी ग्राम वार्ड नम्बर 04 कस्बा हण्डिया थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को चोरी की 01 मोटरसाइकिल वाहन सं0- UP 66 AN 8411 के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0 अ0सं0-153/2026 धारा-317(2)/317(4) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-07.04.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत भेस्की मुगराव रोड के पास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त रवि पासी पुत्र स्व0 लालबहादुर निवासी ग्राम वार्ड नम्बर 04 कस्बा हण्डिया थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-153/2026 धारा-317(2)/317(4) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## संतों का विचार है कि भारत सनातन राष्ट्र हों- महामंडलेश्वर पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** मिश्री मठ महादेव हरिद्वार के तृतीय महाधिपति महामंडलेश्वर पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव महाराज का आगमन पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्माण मुट्ठीगंज के प्रांगण में हुआ उनके आगमन पर स्थानीय व्यापारियों ने एवं अखाड़ा के संतों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया इस अवसर श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के सचिव महंत जगतार मुनी और श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव महंत देवेंद्र शास्त्री जी ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव महाराज ने उपस्थित संतों और व्यापारी एवं नागरिकों को संदेश देते हुए कहा कि धर्म को धारण करना सीखिए धर्म कोई पढ़ने का वस्तु नहीं है स्वयं के अंदर धर्म को धारण करो तभी जीवन में आंतरिक शांति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा आडंबरों से बचे और वैदिक सनातन परंपरा को अपनाएं तभी आपके अंदर वास्तविक धर्म का जागरण होगा उन्होंने आगे कहा कि धर्म समस्या नहीं समाधान है धर्म से ही संपूर्ण विश्व में शांति प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे कानपुर के आश्रम में लाखों की संख्या में साधक वैदिक परंपरा की ज्ञान को लेकर साधना कर रहे हैं आने वाले समय में मनुष्य को बड़े से बड़े रोगों से मुक्त करेंगे। और आगे कहा कि भारत के अंदर हिंदू राष्ट्र की मांग चल रही है जबकि भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है जबकि संतों का विचार है कि भारत सनातन राष्ट्र घोषित हो। और आगे कहा कि हमें हमारा राम मंदिर तो मिल गया यह खुशी की बात है लेकिन हमें कृष्ण जन्मभूमि भी चाहिए काशी विश्वनाथ भी चाहिए।

और वंदे मातरम गीत नहीं बल्कि भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा है । और जिन्हें भारत में रहकर वंदे मातरम स्वीकार नहीं और विरोध करते हैं उन्हें मताधिकार से वंचित कर देना चाहिए स्वागत करने वालों में नया उदासीन अखाड़े के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, व्यापारी नेता संतोष अग्रहरि, अभिलाष केसरवानी, संदीप अग्रहरि, सुशील चंद्र गुप्ता, उमेश चन्द्र केसरवानी दादा, एवं अखाड़े के संत स्थानीय नागरिक, एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# पुलिस थानों में काम कर रहे सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह सचिव को तलब किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (6 अप्रैल) को पुलिस थानों में काम करने वाले (functional) सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार से सवाल करते हुए केंद्रीय गृह सचिव को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। जब न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) और वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि केरल में सबसे बेहतर व्यवस्था है, तो जस्टिस नाथ ने कहा, 'यदि आप कहते हैं कि केरल में सबसे बेहतर व्यवस्था है, तो अन्य राज्य इसे क्यों नहीं अपना सकते?' उन्होंने यह भी कहा कि इस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा चर्चा की जानी चाहिए.न्याय मित्र दवे ने अदालत को बताया कि अधिकांश राज्यों ने सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं और वे केंद्रीकृत डैशबोर्ड स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। सितंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका शुरू की थी, जिसमें पिछले आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों का उल्लेख था और इसे पुलिस थानों में कार्यरत सीसीटीवी कैमरों की कमी से जोड़ा गया था।

इससे पहले सीबीआई, ईडी और एनआईए जैसी एजेंसियों के ऑफिस में हिरासत में यातना रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के न्यायिक निर्देश पर केंद्र के कोई जवाब न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने 25 नवंबर, 2025 को पूछा था कि क्या केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट को 'बहुत हल्के में' ले रही है। दरअसल 2020 में जस्टिस रोहिंटन एफ. नरीमन (अब रिटायर्ड) की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह मामले में केंद्र को पुलिस थानों में हिरासत में अत्याचार रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण ज़रूरी तौर पर लगाने का निर्देश दिया था। अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई), सीरियस फ्रॉड इंवेस्टिगेशन ऑफिस (सीएफआईओ) और 'कोई भी एजेंसी जो पूछताछ करती है और गिरफ्तार करने की शक्ति रखती है', के कार्यालयों में सीसीटीवी और रिकॉर्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में कहा था कि सीसीटीवी और रिकॉर्डिंग उपकरण का इस्तेमाल सम्मान और जीवन के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए सुरक्षा के तौर पर किया जाएगा। जस्टिस नरीमन ने निर्देश दिया था, 'क्योंकि इनमें से ज़्यादातर एजेंसियां अपने ऑफिस में पूछताछ करती हैं, इसलिए उन सभी ऑफिस में सीसीटीवी लगाना ज़रूरी होगा जहां ऐसी पूछताछ और आरोपी को हिरासत में लिया जाता है, ठीक वैसे ही जैसे पुलिस थानों में होता है।'

# आईआईएसईआर में आईएटी 2026 माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 13 अप्रैल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि नजदीक आ गई है। आगामी 13 अप्रैल, 2026 को आवेदन पोर्टल बंद हो जाएगा। भारत में विज्ञान शिक्षा और शोध की राष्ट्र स्तरीय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने का यह अंतिम अवसर होगा। यह प्रवेश परीक्षा सम्पूर्ण देश के विद्यार्थियों के लिए है। आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) इंडियन इंस्टिट्यूट्स ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) का प्रवेश द्वार है। ये संस्थान उत्तरोत्तर मौलिक विज्ञान, इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग और अत्याधुनिक शोध में उत्कृष्टता के प्रमुख केंद्र बन गए हैं। आईआईएसईआर बेरहामपुर, आईआईएसई आर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरुपति में बीएस-एमएस (डुअल डिग्री) और 4 वर्षीय बीएस डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट https://www.iiseradmission.in/ पर आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी 2026) के लिए रजिस्ट्रेशन कर लेने की सलाह दी जाती है।

आईएटी 2026 के माध्यम से सर्वप्रमुख 5 वर्षीय बीएस-एमएस डुअल डिग्री प्रोग्राम के साथ-साथ कई अन्य विशेषज्ञतापूर्ण और इंटरडिसिप्लिनरी कोर्स में प्रवेश दिए जाते हैं। ऐसे कोर्सेस की रेंज बड़ी हो रही है। इनमें आईआईएसईआर कोलकाता में कम्प्यूटेशनल और डेटा साइंस, आईआईएसईआर मोहाली में नवारंभ जियोलॉजी और एन्वायर्नमेंटल साइंस मेजर और आईआईएसईआर भोपाल और आईआईएसईआर तिरुपति में 4 वर्षीय बीएस और बी.टेक. प्रोग्राम शामिल हैं। प्रोग्राम में विविधता होने से विद्यार्थियों को शोध-केंद्रित परिवेश में प्योर साइंस, डेटा साइंस, अर्थशास्त्र और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का मौका मिलता है।

**आईएटी 2026 की महत्वपूर्ण तिथियाँ**

» 13 अप्रैल, 2026: एप्लीकेशन पोर्टल बंद होने की तिथि

» 16-18 अप्रैल, 2026: एप्लीकेशन फॉर्म में सुधार की समय अवधि

» 24 मई, 2026: एग्ज़ाम हॉल टिकट जारी होगा

» 7 जून, 2026: आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026- परीक्षा तिथि (सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे आईएसटी)

इस साल आईएटी में एक बड़ा बदलाव किया गया है। आईएटी का दायरा बढ़ाया गया है और यह अब कई सर्वोच्च संस्थानों के कुछ अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए भी मान्य होगा। इनमें आईआईटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस (आईएसीएस) और आईआईईएसटी शिबपुर शामिल हैं। उम्मीद है कि इस नई पहल से उच्च गुणवत्ता के साथ विज्ञान की पढ़ाई अधिक सुलभ होगी और इच्छुक उम्मीदवार एक ही टेस्ट से मनपसंद शैक्षिक विकल्प प्राप्त करेंगे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज, विपक्ष ने पद से हटाने की मांग की थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के 193 सांसदों द्वारा पेश किए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष ने प्रस्ताव के सभी पहलुओं का मूल्यांकन करने के बाद इसे अस्वीकार कर दिया। यह फैसला मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के लिए बड़ी राहत है। 12 मार्च 2026 को राज्यसभा के 63 सदस्यों द्वारा एक प्रस्ताव का नोटिस दिया गया था। यह नोटिस भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) और अनुच्छेद 124(4) के साथ-साथ मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) तथा जजेज (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 के प्रावधानों के तहत दिया गया था। इस प्रस्ताव के जरिए भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने की मांग की गई थी। राज्यसभा सभापति ने नोटिस पर विचार करने के बाद और सभी संबंधित पहलुओं व मुद्दों का सावधानीपूर्वक और निष्पक्ष आकलन करने के उपरांत इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सभापति ने यह निर्णय जजेज (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 की धारा 3 के तहत उन्हें प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए लिया। इस फैसले के साथ ही ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग से जुड़ी यह प्रक्रिया फिलहाल समाप्त हो गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने का प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया था। विपक्ष के कुल 193 सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। विपक्ष ने उन पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया था। उनके खिलाफ सात गंभीर आरोप लगाए गए थे। इनमें दफ्तर में पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण रवैया, दुर्व्यवहार, चुनावी धोखाधड़ी और वोट देने का अधिकार छीनना जैसे आरोप थे।

## बिहार में नई सरकार की कवायद शुरू, 8 अप्रैल को कैबिनेट की आखिरी बैठक करेंगे नीतीश



बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के कार्यकाल को लेकर बनी अनिश्चितता अब टलती नजर आ रही है। 16 मार्च को राज्यसभा सदस्य चुने गए जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार 8 अप्रैल को पटना में अपनी आखिरी कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे और 9 अप्रैल को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली में नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे और बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए अपने संभावित उत्तराधिकारी के बारे में विचार-विमर्श करेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**अम्बेडकरनगर।** भारत के पूर्व उपप्रधान मंत्री एवं रक्षा मंत्री जैसे अनेक पदों पर सरकार मे रह चुके बाबू जगजीवन राम जी की जयंती बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ जनता कल्याण संस्थान सेहरा जलालपुर परिसर में मनाई गई। बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे माध्यमिक शिक्षा परिषद अम्बेडकरनगर के अध्यक्ष एवं जनता इण्टर कालेज महरुआ के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी का जन्म 5 अप्रैल 1908 में बिहार प्रदेश में हुआ था उन्होंने भारत के उपप्रधानमंत्री एवं श्रममंत्री जैसे कई महत्वपूर्ण सरकारी पदों की भूमिका निभाई। उन्होंने सन 1971 में भारत-पाकिस्तान से युद्ध में भारतीय रक्षामंत्री की भूमिका निभाई। जनता कल्याण संस्थान परिसर सेहरा जलालपुर में कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी द?याराम दुबे ने किया कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक बेसिक शिक्षा परिषद दुखहरन प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि शेष कुमार सिंह रहे। सभी अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष विनोद सिंह द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता मे चयनित भवानी प्रसाद सिंह आई टी आई के पांच छात्रों बॉबी, आदर्श, सूरज, आदित्य एवं शिवा को मुख्य अतिथि के हाथ से पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में सूचना विभाग में पंजीकृत लोक कलाकार महेंद्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्र?मो के जरिए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। जनता कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परशुराम सिंह, उमाकान्त सिंह, रविकान्त सिंह, आलोक सिंह, अमित सिंह,अशोक कुमार, पूनम यादव, मीना गौड़ सहित सैकडो लोगों ने प्रतिभाग किया।

# एनआईए के डीएसपी तंजील हत्याकांड में फांसी की सजा पाए रेयान को हाईकोर्ट ने बरी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के डीएसपी तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना की हत्या के मामले में निचली अदालत से फांसी की सजा पाए आरोपी रेयान को बरी कर दिया है। न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा वर्ष 2022 में सुनाई गई फांसी की सजा को गंभीर त्रुटि मानते हुए रद्द कर दिया और कहा कि अभियोजन पक्ष का मामला संदेह से भरा है। रेयान के साथ ही फांसी की सजा पाए दूसरे आरोपी मुनीर की मौत हो चुकी है। दो अप्रैल 2016 को सहसपुर निवासी एनआईए के डीएसपी मोहम्मद तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना की बिजनौर स्योहारा क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना उस वक्त हुई, जब वे एक शादी समारोह से देर रात लौट रहे थे। बाइक सवार हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें डीएसपी तंजील अहमद की मौके पर व उनकी पत्नी फरजाना की उपचार के दौरान अगले दिन मौत हो गई थी। इस मामले में तंजील अहमद के भाई मोहम्मद रागिब ने स्योहारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद निचली अदालत ने आरोपी सहसपुर के निवासी मुनीर और रेयान को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि अन्य आरोपियों तंजीम, जैनी व रिजवान को बरी कर दिया गया था। फैसले के खिलाफ मुनीर और रेयान के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील की थी। अपील लंबित रहने के दौरान 19 नवंबर 2022 को वाराणसी के सर सुंदरलाल अस्पताल में मुनीर की संक्रमण के कारण मौत हो गई, जिसके चलते उसकी अपील समाप्त हो गई। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। न्यायालय ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए पाया कि गवाहों के बयान अस्पष्ट और संदिग्ध हैं, जिससे अभियोजन का पूरा मामला कमजोर पड़ता है। न्यायमूर्ति ने अपने 31 मार्च




2026 के फैसले में कहा कि निचली अदालत ने मृत्युदंड देने में गंभीर त्रुटि की है। इसी आधार पर रेयान को सभी आरोपों से बरी करते हुए तत्काल रिहा करने का आदेश दिया गया, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में वांछित न हो। रेयान के पिता सादात हुसैन ने फैसले पर संतोष जताते हुए कहा कि आखिरकार उनके बेटे के साथ इंसाफ हुआ है। उन्होंने इसे धैर्य और विश्वास की जीत बताया। 2016 में हुए चर्चित तंजील अहमद हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। हमलावरों की बेरहमी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने एनआईए के डिप्टी एसपी को 24 गोलियां मारी थीं।

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना उतरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-185/25 धारा-2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त 1.श्याम यादव पुत्र विनोद कुमार यादव निवासी ग्राम सुदनीपुर कला थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज 2. राणा चौहान पुत्र जंगबहादुर निवासी ग्राम मलखानपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज 3. शिवम मौर्या पुत्र मथुरा प्रसाद मौर्या निवासी मलखानपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त आपराधिक संगठित गैंग के सक्रिय सदस्य है, जिसका गैंग लीडर शिवम मौर्या पुत्र मथुरा प्रसाद मौर्या निवासी मलखानपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज है। गैंग लीडर एवं गैंग के सदस्य अपराधी प्रवृत्त के हैं। गैंग लीडर स्वयं एवं अपने सदस्यों के भौतिक एवं आर्थिक लाभ के लिये थाना क्षेत्र व जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिलों को चुरा कर उनमें लगे नम्बर प्लेटों में छेड़छाड़ व बदलकर चोरी किये गये वाहनों की पहचान छुपाकर बेचने जैसी घटना कारित करते हैं । इस प्रकार गैंगलीडर एवं गैंग के सदस्य समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त हैं। इनके इस कृत्य से उत्तर प्रदेश गिरोधबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 का अपराध सृजित होने के फलस्वरूप थाना उतरांव में इनके विरूद्ध मु0अ0सं0-185/2025 धारा-2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम पंजीकृत है।

### योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला, ट्रैफिक नियम तोड़ने पर वाहन चालकों के केस अब नहीं होंगे निरस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं। इस संदर्भ तैयार किए गए अध्यादेश को अमली जामा पहनाने को लेकर कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।उत्तर प्रदेश दंड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन संशोधन) अध्यादेश लाएगी। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान पिछले वर्ष 20 नवंबर को राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर दिए जाने वाले दंड को समाप्त नहीं किया जा सकता है। सरकार ने वर्ष 2023 में करीब 11 लाख मुकदमे और चालान को समाप्त करने का निर्णय लिया था। यह मामले वर्ष 2017 से 2021 के बीच के थे। इस मामले में उच्चतम न्यायालय के कड़े रुख के बाद अब सरकार नए सिरे से अध्यादेश लाएगी। वर्तमान में यह व्यवस्था है कि अगर किसी ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत अगर किसी वाहन चालक का चालान किया जाता है और उस पर जुर्माना लगाया जाता है तो एक निश्चित समय के बाद जुर्माना न भरने पर स्वतः मामले समाप्त हो जाता था।


# संक्षिप्त खबरें

## मुखिया मंजू देवी ने नवनिर्मित चबूतरे का किया शुभारंभ



**चौपारण, हजारीबाग, झारखण्डः-** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के ग्राम महुआबाद में मुखिया मंजू देवी द्वारा नवनिर्मित चबूतरे का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में फीता काटकर चबूतरे का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुखिया मंजू देवी ने कहा कि यह चबूतरा गांव के लोगों के लिए आपसी बैठक, सामाजिक कार्यक्रम तथा विश्राम स्थल के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में भी ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने मिलकर गांव के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर चंदन पासवान, सुनील पासवान, विनोद साव, शिक्षक राजेश साव, राजू साव, नरेश पासवान, धनेश्वर साव, शिक्षक नकुल साव, विकास साव, खूबलाल साव, जितेंद्र साव, पंकज साव, संजय साव तथा चंद्र साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में संवर रहा विद्यार्थियों का भविष्य, ग्यारहवीं में एडमिशन जारी




### विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम कर रही जेईई, नीट, क्लैट व सीयूईटी की तैयारी, डेमो क्लास में परख सकते हैं गुणवत्ता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं में नामांकन को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। विद्यालय में अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यहां विज्ञान एवं मानविकी संकाय में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को शुरू से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाता है। जेईई मेंस, नीट, क्लैट एवं सीयूईटी जैसी परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन और नियमित टेस्ट प्रणाली लागू की गई है। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक विषय के लिए अनुभवी शिक्षक नियुक्त हैं, जो विद्यार्थियों को बुनियादी समझ से लेकर प्रतियोगी स्तर तक तैयार करते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर विद्यार्थी अपने करियर में सफल हो। विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि हमने ऐसी टीम तैयार की है जो सिर्फ पढ़ाती नहीं, बल्कि बच्चों को मोटिवेट और गाइड भी करती है। यही कारण है कि कक्षा ग्यारहवीं में नामांकन को लेकर अभिभावकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि 6 अप्रैल से डेमो क्लास शुरू हो चुकी है, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी शामिल होकर शिक्षण व्यवस्था का मूल्यांकन कर सकते हैं।विद्यालय में सीमित सीटों पर एडमिशन जारी है, ऐसे में प्रबंधन ने अभिभावकों से जल्द नामांकन कराने की अपील की है।

## कानपुर के यात्रियों को राहतः कई स्पेशल ट्रेनें शुरू, अवधि भी बढ़ी



**कोंच(जालौन)**– थाना कैलिया पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार की अगुवाई में दरोगा शैलेन्द्र कुमार और कांस्टेबल प्रबल प्रताप ने मंगलवार को ग्राम कूंडा स्थित घर पर दबिश देकर वारंटी अभियुक्त रमेशचंद्र पुत्र भटुल्ले निवासी ग्राम जरियाई थाना चिरगांव हाल निवासी ग्राम कूंडा थाना कैलिया को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि रमेशचंद्र के विरुद्ध गत समय पूर्व धारा 25 ए एक्ट में कैलिया थाने में मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज मामले में न्यायालय में होने वाली तारीखों से लगातार गैरहाजिर रहने पर न्यायालय द्वारा इसे वारंटी घोषित किया गया था।

## राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अन्तर्गत संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के साथ अन्य ऐसे विद्वान महानुभाव जिनके पास पाण्डुलिपियों का निजी संग्रह हो कराये उपलब्ध



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि ज्ञान भारतम् मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र के गौरवशाली विरासत व इतिहास से सम्बन्धित पाण्डुलिपि का संग्रह किया जाना है। जिसके लिए जनपद सोनभद्र में सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है, इस कार्य हेतु जनपद में स्थित निजी संस्थान, संस्कृत पाठशालाएं, मन्दिर, मठ, आश्रम, गुरूकुल, ट्रस्ट आदि के साथ ऐसे निजी संग्रहकर्ता जिसमें पुरोहित धर्माचार्य, ज्योतिषाचार्य, आर्युवेदाचार्य संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के साथ अन्य ऐसे विद्वान महानुभाव जिनके पास पाण्डुलिपियों का निजी संग्रह हो से अपेक्षा की जाती है कि 15 अप्रैल, 2026 के सायं 05:00 बजे तक जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, सोनभद्र विकास भवन कक्ष संख्या-57 या जिला सूचना कार्यालय के कक्ष संख्या 32 कलेक्ट्रेट भवन में उपलब्ध कराये।

## निष्प्रयोज्य रद्दी पेपर की नीलामी 09 अप्रैल को चुर्क पुलिस लाइन में होगी आयोजित

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अवगत कराया है कि दिनांक-09.04.2026 पूर्वाहन 11:00 बजे से पुलिस लाइन चुर्क सोनभद्र में निष्प्रयोज्य रद्दी पेपर की नीलामी की जायेगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति निलामी की कार्यवाही मे समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। नीलामी मे भाग लेने वाले फर्म/व्यक्तियों को पूर्व जमानत कि राशि के रूप मे रूपया 5000/धरोहर धनराशि जमा करना होगा। नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाले फर्म/व्यक्ति को उसी दिन नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि जमा कर सम्बन्धित सामग्री ले जाना अनिवार्य होगा। अन्तिम निर्णय पुलिस अधीक्षक सोनभद्र का होगा।

# अंतर्राज्यीय गोवंश तस्करी गिरोह का विण्ढमगंज पुलिस ने किया भंडाफोड़, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में गोवंश तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विण्ढमगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई। विण्ढमगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 06.04.2026 को बगरवा मोड़, करहिया से 03 अंतर्राज्यीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 18 गाय एवं 01 बछिया बरामद किया गया। इस संबंध में थाना विण्ढमगंज पर मु0अ0सं0 38/2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हमलोग गोवंशो को जंगल से पकड़ कर और



ग्राम भैसौड़ा, खड़हरा, ओबरा से ग्रामीणो से कम पैसे में खरीद कर कर बग्घा नाला होते हुये गुरमुरा से कनहर नदी होते हुये जंगल के रास्ते करहिया होते हुये धीचोरवा से कुड़वा होते हुये जंगल के रास्ते नगर ऊँटारी झारखण्ड ले जाते है, जहां से वध हेतु बिहार ले जाया जाता है।गिरफ्तार अभियुक्तगण -महबूब अंसारी पुत्र ऐमु उद्दीन अंसारी, बाल गोविन्द गुप्ता पुत्र स्व0 बेगू गुप्ता, नरेश राम पुत्र स्व0 पंचू राम(समस्त निवासीगण - बीरबल, थाना धूरकी, जनपद गढ़वा, झारखण्ड)।

अभियुक्तगणों के पास से18 गाय एवं 01 बछिया, 2 मोबाइल फोन, 01 लोहे का चापड़। वांछित अभियुक्तगण-राम दयाल यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी करमसार, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, शकील अंसारी पुत्र स्व0 लतीफ उर्फ मौलबी निवासी बीरबल, थाना धूरकी, जनपद गढ़वा (झारखण्ड),मेराज अंसारी पुत्र अज्ञात निवासी चेचरिया, थाना नगर ऊंटारी, जनपद गढ़वा (झारखण्ड)। आपराधिक इतिहास अभियुक्त महबूब अंसारी -मु0अ0सं0 - 105/2024 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र, मु0अ0सं0 27/25 धारा 3(1)गैगेस्टर एक्ट थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र, मु0अ0सं0 06/2019 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 शिव कुमार सिंह, थानाध्यक्ष विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र, हे0का0 सियाराम सिंह , का0 भूपेन्द्र पाण्डेय , हे0का0 बृजराज यादव (वाहन चालक) शामिल रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से मासूम की मौत, मामला दर्ज

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टेटा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम टेटा निवासी मुलायम पुत्र रामचरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च 2026 की शाम करीब 5:30 बजे उनकी माता कुसुम और चार वर्षीय पुत्र रियांश प्राथमिक विद्यालय टेटा के पास हाईवे किनारे खड़े थे। तभी ललितपुर की ओर से आ रही एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार (एमपी 07 सीबी 9015) के अज्ञात चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रियांश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाद में परिजन उसे झांसी के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उपचार के दौरान 2 अप्रैल की रात करीब 2 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रशासन के सर्वे में तहसील क्षेत्र में 33.33 प्रतिशत नुकसान की बात आई सामने

**●79 गांवों के 4 हजार 753 हे. रकबे की फसल को पहुंची क्षति, कुल 9470 किसान हैं पीड़ित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**– बीते शनिवार और रविवार को कोंच तहसील क्षेत्र में आंधी, बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने से खेतों में नष्ट हुई फसलों के एवज में पीड़ित किसानों को सरकारी आर्थिक मदद दिए जाने के लिए शासन के निर्देश पर राजस्व/कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा सर्वे का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द मदद दिलाई जा सके।

प्रभारी एसडीएम/तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कोंच तहसील क्षेत्र के कुल 280 गांवों में से 76 गांव गैर आबादी वाले हैं। डीएम राजेश



कुमार पांडेय के निर्देशन में राजस्व कर्मियों द्वारा जो सर्वे किया गया है उसके तहत कुल 79 गांवों में गेहूं और चना की 4 हजार 753 हेक्टेयर रकबा की फसल क्षतिग्रस्त हुई है जिससे 9470 किसान प्रभावित हैं। इस प्रकार से देखा जाए तो तहसील क्षेत्र में 33.33 प्रतिशत फसल क्षतिग्रस्त का आंकड़ा सर्वे में सामने आया है। प्रभारी एसडीएम का कहना है कि राजस्व कर्मियों के सहयोग से सर्वे काम पूरा होने के बाद डीएम को रिपोर्ट भेजी जा रही है जिसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजे जाने की कार्यवाही की जाएगी, उम्मीद है कि अगले दो दिवस में संबंधित पीड़ित किसानों को मुआवजा का लाभ मिल सकेगा।

# फर्जी हस्ताक्षर से शिकायत कर प्रबंधक को फंसाने की साजिश, जांच शुरू

**●पुलिस के सामने खुला राज, फर्जी हस्ताक्षर कर युवक ने दी थी तहरीर जांच से हुआ स्पष्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महाराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र में एक विद्यालय प्रबंधक की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उन्हें कानूनी विवाद में फंसाने के उद्देश्य से रची गई फर्जी शिकायत की एक गंभीर साजिश का पर्दाफाश हुआ है। बीते शनिवार को सोनौली पुलिस को तौफीक अंसारी नामक व्यक्ति के नाम और फर्जी हस्ताक्षरों से युक्त एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ जिसमें विद्यालय प्रबंधक श्रीचंद्र बरनवाल पर सड़क जाम करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जब पुलिस ने प्रबंधक और कथित शिकायतकर्ता तौफीक अंसारी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की तो तौफीक ने स्पष्ट किया कि उसने ऐसी कोई शिकायत नहीं की है और शिकायती पत्र पर मौजूद हस्ताक्षर भी गलत व कूटरचित है। जांच के दौरान पुलिस ने उस युवक की पहचान शिवम के रूप में की है जो षड्यंत्र के तहत यह फर्जी शिकायती पत्र लेकर थाने पहुंचा था। पीड़ित प्रबंधक का आरोप है कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और बदनाम करने के इरादे से यह पूरी साजिश रची गई है, जिसके विरुद्ध उन्होंने पुलिस को लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस प्रकरण में सोनौली कोतवाल महेंद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि प्रबंधन की शिकायत पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कानपुर में तेज आंधी पानी तूफान से जनजीवन प्रभावित

**कानपुर।** कानपुर में आंधी-तूफान से जनजीवन प्रभावित, 8 अप्रैल को भी असर की संभावना कानपुर में मंगलवार (7 अप्रैल) शाम अचानक मौसम बदलने से तेज आंधी और तूफान का असर देखने को मिला। तेज हवाओं के साथ उठी धूल के गुबार से सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आम जनजीवन प्रभावित हुआ। कई इलाकों में दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार 8 अप्रैल को भी शहर में तेज हवाओं और आंधी-बारिश की संभावना बनी हुई है। स्वतंत्र प्रभात मीडिया ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की है।

## जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – मंगलवार दिनांक 07.04.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने लाभार्थी को सौंपी डमी की

**युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने का आह्वान**

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मो. दानिश आजाद अंसारी ने ट्रैक्टर संचालित आटा चक्की योजना के लाभार्थी को अपने करकमलों से डमी- की प्रदान की। प्रभारी मंत्री ने लाभार्थी को अपने उद्यम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस तरह की योजनाएं युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से जिले के युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया कि वह मेहनत और लगन के साथ अपने कार्य को आगे बढ़ाएं, जिससे न केवल उनका व्यक्तिगत जीवन स्तर सुधरे, बल्कि जनपद के विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो।

# मूंग, उड़द की नष्ट हुई फसलों के एवज में मांगा मुआवजा

**● पड़री गांव के युवा किसान ने डीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**– गत रोज कोंच क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश और ओलावृष्टि से दर्जनों गांवों में गेहूं, चना के अलावा सरसों, मूंग, उड़द की फसलें नष्ट होने से किसान गहरे सदमे में हैं। उधर, शासन के निर्देश पर सिर्फ गेहूं और चना की नष्ट हुई फसल के एवज में ही पीड़ित किसानों को सरकारी मुआवजा देने की कवायद से ऐसे किसान परेशान होने लगे हैं जिनकी मूंग और उड़द की फसल ओलावृष्टि में नष्ट हुई है। ऐसे किसानों ने भी डीएम से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। कोंच क्षेत्र के ग्राम पड़री के युवा किसान अभिषेक पटेल पुत्र रुद्रनारायण सिंह ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम राजेश कुमार पांडेय को प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र में युवा किसान ने डीएम को बताया कि ओलावृष्टि में पड़री गांव के दर्जनों किसानों की गेहूं और चना के साथ ही मूंग और उड़द की फसल भी नष्ट हुई है, इससे पहले भी अक्टूबर 2025 में मटर की फसल नष्ट हो गई थी जिससे किसान आर्थिक रूप से बुरी तरह टूट चुका है। युवा किसान ने डीएम से मांग की है कि गेहूं, चना के साथ ही मूंग और उड़द की नष्ट हुई फसलों का भी प्राथमिकता के साथ सर्वे कराया जाए और पीड़ित किसानों को जल्द ही सरकारी मुआवजा दिलाया जाए। प्रार्थना पत्र देने वालों में गांव के कुछ अन्य किसान भी शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत शक्तिनगर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति कुर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे की रिपोर्ट के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई है। अभियुक्त सुनील भारती पुत्र शिवमंगल, निवासी निमियाटाड़ बस्ती थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष द्वारा स्वयं एवं अपने सहयोगियों के माध्यम से अवैध हेरोइन का व्यापार करते हुए तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की गई। जिसके विरुद्ध थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 78/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा बिना किसी वैध आय के स्रोत के आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से अपने एवं अपनी पत्नी के नाम से चार पहिया वाहन (स्विफ्ट



डिजायर) संख्या UP64BA-9536 (मूल्यांकन लगभग 6,90,000/-) तथा स्कूटी संख्या UP64BE-0459 (मूल्यांकन लगभग 90,000/-) क्रय की गई है। उक्त तथ्यों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दोनों वाहनों को कुर्क/जब्त किया गया है।

गिरफ्तारअभियुक्त का विवरण क्रमशः- सुनील भारती पुत्र शिवमंगल, निवासी निमियाटाड़ बस्ती, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास–**

(1) मु0अ0सं0 43/2024 धारा 8/21/29 NDPS Act, थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र

(2) मु0अ0सं0 44/2024 धारा 8/21 NDPS Act, थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र

(3) मु0अ0सं0 78/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्ध समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986, थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र

(4) मु0अ0सं0 20/2026 धारा 8/21/27/29 NDPS Act, थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया है की अपराध व नशा के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## प्रवेशोत्सव के साथ कक्षा-5 के छात्रों को विदाई

**तालबेहट ।** कन्या प्राथमिक विद्यालय पवा में नए शैक्षिक सत्र के अवसर पर प्रवेशोत्सव एवं कक्षा-5 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के तहत दो दिवसीय नवारम्भ कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई तथा नए छात्रों का स्वागत कर उन्हें पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। कक्षा-5 के विद्यार्थियों को अंकपत्र देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। ग्राम प्रधान सहित विद्यालय स्टाफ ने बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावक व ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# सलाई बनवा ग्रेडिंग यूनिट ए0सी0सी0 स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने मंगलवार को ग्रेडिंग यूनिट ए0सी0सी0 सीमेंट सलाईबनवा स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए तथा टेंडर प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए। उन्होंने सड़क किनारे लगे खंभों को हटाने के कार्य को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए और कहा कि विद्युत विभाग आवश्यक एस्टीमेट तैयार कर लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराए, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिलाधिकारी ने परिसर



के आसपास वृक्षारोपण कराने पर भी विशेष जोर दिया और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इसे आवश्यक बताया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रेडिंग यूनिट ए0सी0सी0 सिमेन्ट परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि वन विभाग से सम्बन्धित जो कार्यवाही होनी है उसे यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अभियंता शैलेश सिंह ठाकुर, उपायुक्त उद्योग अधिकारी विनोद कुमार चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कूड़ा हटाने के विवाद में मारपीट, तीन पर मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला चौकाबाग रावतयाना में मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकाबाग निवासी सुषमा पत्नी संतोष कुमार राय ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 5 अप्रैल की सुबह वह अपने घर के बाहर सफाई कर रही थीं और कूड़ा एक तरफ कर रही थीं। इसी दौरान पड़ोस की महिला ने कूड़ा हटाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि कहासुनी बढने पर महिला ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और पीड़िता के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उनके हाथ पकड़कर मरोड़ दिए, जिससे उन्हें चोट आई और खून भी निकल आया। पीड़िता के अनुसार, शोर सुनकर जब उनके पति बीच-बचाव के लिए आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई। आरोपियों द्वारा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हथियहवा विकास खण्ड नौतनवां जनपद - महराजगंज**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत हथियहवा द्वारा जी राम जी रोजगार योजना षष्ठम वित्त/ चौदहवां वां व 16 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग/विधायक निधि / सांसद निधि / आंगनबाड़ी / सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर द्वारा जी राम जी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना चौदहवां ,सोलहवां वित्त/राज्य वित्त आयोग / चौदहवां शौचालय / पंचायत भवन / अन्योष्टि स्थल निमार्ण / छठ व पूजाघाट /खेल का मैदान / वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृति कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इण्टरलांकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग व इत्यादि, वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईट का टुकड़ा, पत्थर, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, ठेला, कुदाल, झाडू, ब्लीचिं पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प, रिबोर, ईट की मिटटी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म, इंट एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम दुगेवालया है। इच्छुक पूर्व ईट भट्ठा मालिक / आपूर्तिकर्ता दिनांक 14/04/26 के अपराहन 3 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर ग्राम पंचायत हथियहवा में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहरा की धनराशि मु0 2000.0 रु0 होगी। ग्राम पंचायत हथियहवा निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा उसी दिन अपराहन बजे गठित कमेटी के समक्ष

नियम व शर्ते निम्नवत् है-

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्ति कर्ता का सेलटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर 3 वर्ष का आयकर क्लीरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव / ग्रामप्रधान द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेन्डर खोला जायेगा
4. आपूर्ति का कार्य ग्राम पंचायत हथियहवा की परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृत दर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाये वह वैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्कतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामाग्री की सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात ही करनी है।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2.24 प्रतिशत आयकर तथा 4 प्रतिशत व्यापार कर यापार कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव / ग्राम प्रधान / तकनीकी सहायक विकास खण्ड नौतनवां के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी / रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेंट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशीप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता हेतु खरीदी गयी सीमेन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव / ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत हथियहवा के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (प्रा0अभि0वि0) तकनीकी सहायक द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एन0सी0सी0/एन0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पद नाम से बंधक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने का 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्य स्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100.00 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत हथियहवा से प्राप्त किया जा सकता है। सामाग्री आपूर्तिकर्ता के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत हथियहवा कि तकनीकी सहायक से प्राप्त की जा सकती है। परियोजना लागत के क्रम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत जमानत राशि जमा करना होगा।

**संजय पांडेय**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत हथियहवा**
**विकास खंड नौतनवां, जनपद महराजगंज**

# संक्षिप्त खबरें

## समाजसेवी निजामुद्दीन ने स्कूली बच्चों को कॉपी बांटी




**सिद्धार्थनगर-** इटवा विकास क्षेत्र के ग्राम पिपरा मुर्गिहवा में मंगलवार को समाजसेवी निजामुद्दीन ने एक कार्यक्रम करके विभिन्न स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले 6-14 वर्ष के बच्चों को कापी स्टेशनरी अन्य उपहार देकर शिक्षा के प्रति शत प्रतिशत स्कूलों में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को आह्वान भी किया, इटवा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि निजामुद्दीन खां ने अपने निजी आवास पर सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले सौ से अधिक बच्चों मे कापी अन्य उपहार देकर उन्हे सम्मानित किया तथा उन्हें शिक्षा के मूल उद्देश्य के बारे मे बताया उन्होंने कहा शिक्षा से बालक का सर्वभौमिकरण और मानसिक विकास होता है सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की सुविधा दिया जा रहा है, इसलिए कि बच्चों का हौसला बढ़े और उनमें शिक्षा के प्रति ध्यान दें जिससे आने वाले समय मे अपने परिवार और देश का नाम रौशन कर सकें, इस दौरान पूर्व प्रधान तेज बहादुर डॉ. इरफान अहमद, बरकतुल्लाह, सलीम अशरफी लाल, दीन मोहम्मद, आदि अभिभावक एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे

## 14 को अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए मंगलवार को इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा नावडीह में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी ग्रामवासी को 14 अप्रैल को आयोजन को लेकर जिम्मेदारी तय की गई। इस दौरान संतराम गौतम ,नानमुनु गौतम, संतोषी गौतम, श्याम लाल गौतम,भगवत गौतम, गोली गौतम, पूजा गौतम, बहाऊ गौतम सुग्रीव गौतम, रामफेर गौतम, केशराम गौतम,बेचन गौतम, चेतराम गौतम,गोकरण गौतम,कनिक राम गौतम खदेरू गौतम, शिवपूजन गौतम, परशुराम गौतम चंद्रभान गौतम, लल्लू गौतम, चिंकू चौधरी, झीन सोनी, आदि लोग मौजूद रहे।

# मेट्रो लाइन 9 (दहिसर से काशी गांव) शुभारंभ समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मुंबई...** सपनों की नगरी... जहां हर दिन लाखों कदम अपने मंज़िल की ओर बढ़ते हैं... और अब, इन कदमों को मिलने जा रही है रफ्तार की नई ताकत! आज का दिन, मुंबई के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है... जब विकास की पटरियों पर दौड़ने के लिए तैयार हुई मेट्रो लाइन 9 - दहिसर से काशी गांव तक 4.7 किलोमीटर की आधुनिक मेट्रो सेवा। यह सिर्फ एक मेट्रो लाइन नहीं... यह है मुंबई के भविष्य की नई दिशा, जहां सुविधा, समय की बचत और आधुनिकता का संगम है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित रहे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक, आमदार नरेंद्र मेहता, साथ ही भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ता। जैसे ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हरी झंडी दिखाकर इस मेट्रो सेवा को रवाना किया... वैसे ही पूरे माहौल में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई।

**यह सिर्फ एक शुरुआत नहीं...**

यह मुंबई के हर नागरिक के लिए एक नई उम्मीद है– कम समय में सफर, कम ट्रैफिक, और ज्यादा सुविधा जहां एक ओर सड़कों पर बढ़ता ट्रैफिक लोगों की परेशानी का कारण बनता है, वहीं यह मेट्रो लाइन उस समस्या का सशक्त समाधान बनकर उभरेगी 'अब ऑफिस जाना बहुत आसान हो जाएगा! ' 'समय भी बचेगा और सफर भी आरामदायक रहेगा! ' यह परियोजना न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगी– कम प्रदूषण, अधिक हरियाली की ओर एक मजबूत कदम।

इस मौके पर सभी गणमान्य नेताओं ने अपने संबोधन में मुंबई के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि आने वाले समय में ऐसी कई परियोजनाएं शहर को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करेंगी। दहिसर से काशी गांव तक का यह 4.7 किलोमीटर का सफर

अब सिर्फ दूरी नहीं...
बल्कि विकास की कहानी बन चुका है।
मुंबई अब रुकेगी नहीं...
मुंबई अब थमेगी नहीं...
क्योंकि अब हर सफर के साथ जुड़ गई है मेट्रो की रफ्तार! मेट्रो के साथ बढ़ते कदम... विकास की नई पहचान... और एक सशक्त, आधुनिक मुंबई की ओर बढ़ता भारत।

## संदिग्ध दशा में युवती की मौत,मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी शिवराम विश्वकर्मा की पुत्री कली (22) की सोमवार की शाम करीब चार बजे संदिग्ध दशा में तबियत खराब हो गयी। परिजन इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर ले आये। यहां हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रात करीब नौ बजे इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी। परिजन अस्पताल से शव लेकर घर आये और उसका अन्तिम संस्कार कर दिया। युवती की मौत से मां गुड्डी देवी, बहन कविता तथा भाई अतुल का रो रोकर बुरा हाल देखा गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है घटना की जानकारी नहीं है, तहरीर मिली तो कार्यवाही की जायेगी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर,** खुनियांव विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बलुआ डीह में शिक्षण सत्र के प्रथम चरण में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके बाद विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विगत शैक्षणिक सत्र में सफल हुए कक्षा पांच के बच्चों को पुरस्कृत किया गया, तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

प्राथमिक विद्यालय बलुआ डीह में इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार उपाध्याय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में बच्चे अपने हाथों में रंग-बिरंगी झंडिया तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढ़ाओं, स्कूल चलकर नाम लिखाओ, आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, पढ़ी लिखी नारी घर की उजियारी, एक दो तीन चार साक्षरता की जय जयकार, कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार 'आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। वहीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक और शिक्षक बीच-बीच में अभिभावकों से अपील कर रहे थे कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं। विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन, कमरे, समार्ट क्लास, स्वच्छ शौचालय, पंखे, ब्लूटूथ आदि की व्यवस्था है। रैली में प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार,ग्राम प्रधान घनश्याम, हरीलाल, मंगरु मौर्या, बीडीसी रमेश चौधरी, अयोध्या चौधरी, शोभवती, सीता देवी, किसनावती आदि ने प्रतिभाग किया गया। इसके पूर्व प्रार्थना स्थल पर बच्चों को सड़क सुरक्षा पार विस्तृत जानकारी दी गई।

# प्रेमी से शादी की जिद में युवती 200 फीट टावर पर चढ़ी, 'हां' मिलते ही डेढ़ घंटे बाद उतरी सकुशल

**● सुखपुरा में हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस की मौजूदगी में फोन पर हुई बात के बाद बनी सहमति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवती ने प्रेमी से शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा खड़ा कर दिया। करीब 200 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी युवती को देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस की समझाइश और प्रेमी की सहमति मिलने पर युवती सकुशल नीचे उतर आई।

घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे सुखपुरा कस्बे में सिनेमा हॉल के पास की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टावर के चारों ओर सुरक्षा के इंतजाम किए। युवती को नीचे उतारने के लिए उसके प्रेमी को बुलाया गया और दोनों की फोन पर बात कराई गई।

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले छह महीनों से प्रेम संबंध चल रहा था। सोमवार को युवती ने युवक को घर बुलाकर शादी का दबाव बनाया, लेकिन युवक ने अपने बड़े भाई की शादी के बाद ही विवाह करने की बात कहकर मना कर दिया और पुलिस को सूचना दे दी थी। उस समय पुलिस ने दोनों को समझाकर घर भेज दिया था। पुलिस की इसी कार्रवाई से नाराज युवती ने अगले दिन यह कदम उठा लिया। हालांकि, मौके पर प्रेमी द्वारा शादी के लिए हामी भरने के बाद युवती शांत हुई और शाम करीब 5:20 बजे सुरक्षित नीचे उतर आई। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया है।

## लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का 12 मई को होगा चुनाव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का चुनाव आगामी 12 मई को होगा। मंगलवार को चुनाव कार्यक्रमों को लेकर समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लिए गये निर्णय के तहत आगामी 12 मई को तहसील के लाइब्रेरी हाल में प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान कराया जायेगा। चुनाव परिणामों की घोषणा भी इसी दिन मतगणना के बाद की जायेगी। समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि आगामी दस अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। मतदाता अंतिम सूची का बार कौंसिल से सत्यापन कराये जाने का भी निर्णय लिया गया है। मतदान के एक दिन पहले 11 मई को तहसील पार्क में प्रत्याशियों का दक्षता भाषण होगा। वहीं आगामी 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रत्याशियों का नामांकन होगा। 29 अप्रैल को नाम वापसी व जांच की प्रक्रिया होगी। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, रामलगन यादव, बेनी लाल शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# सिविवि का दशम दीक्षांत समारोह 30 जून को प्रस्तावित, 18-22 जून तक मनाया जाएगा 'दीक्षांत सप्ताह'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में राजभवन के दिशा-निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय का दशम दीक्षांत समारोह आगामी 30 जून को आयोजित किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। दीक्षांत समारोह की तैयारियों के मद्देनज़र विश्वविद्यालय में शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीक्षांत समारोह को विशेष बनाने के लिए एवं छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से 18 जून से 22 जून तक 'दीक्षांत सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमो में प्रमुख रूप से 18-20 जून को विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर्ट्स एंड क्राफ्ट हैकथॉन का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर प्रातः: एक योग सत्र आयोजित किया जाएगा इसके पश्चात आधुनिक तकनीक कृत्रिम बौद्धिकता और उपयोग पर आधारित एक विशेष सत्र पर विद्वान अपने विचार साझा करेंगे जिससे छात्रों को नवीन तकनीक के बारे में जानने एवं समझने का अवसर मिलेगा। 22 जून को विभिन्न प्रतियोगिता जैसे लोगो प्रतियोगिता के साथ में पूर्ववर्ती छात्र सम्मलेन भी आयोजित की जाएगा। कुलपति ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए दीक्षांत समारोह और उससे जुड़े कार्यक्रमों को सफल बनाने में योगदान दें।

इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर होता है, जिसमें विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समन्वय के साथ करें, ताकि कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।साथ ही एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों की सहभागिता भी रहेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो नीता यादव, अध्यक्ष वाणिज्य संकाय प्रो सौरभ, अध्यक्ष विज्ञान संकाय प्रो प्रकृति राय, प्रो हरीश कुमार शर्मा, प्रो सुनील श्रीवास्तव, प्रो सत्येंद्र दुबे, प्रो सुनीता त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## कानपुर में ई-रिक्शा, ई-आटो के सुव्यवस्थित संचालन के लिए थानों में कलर क्यूआर को का वितरण

**कानपुर।** कानपुर नगर के शहरी क्षेत्र में ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो के सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नियंत्रित संचालन को सुनिश्चित करने हेतु यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा कलर क्यू आर कोड स्टीकर रजिस्ट्रेशन एवं वितरण कार्य किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत दिनांक 25.2.2026 से की जा चुकी है। ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो चालकों, स्वामियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के 37 थानों एवं एसीपी यातायात कार्यालय परिसर में विशेष काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां पर कलर क्यू आर कोड स्टीकर का रजिस्ट्रेशन एवं वितरण कार्य किया जा रहा है। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा सभी ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो स्वामियों एवं चालकों से अपील की जाती है अपने आवश्यक दस्तावेजों- वाहन आरसी,ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ शहर के निकटतम थाना या एसीपी यातायात कार्यालय परिसर में स्थापित काउंटर पर जाकर कलर क्यू-आर कोड स्टीकर प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिन ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो का रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन हो चुका है, वे केवल अपने निर्धारित रूट पर ही संचालित हों । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.04.2026 से बिना क्यू आर कोड स्टीकर / रजिस्ट्रेशन /वेरिफिकेशन के संचालित पाए जाने वाले ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## पाक्सो एक्ट में निरूद्ध वांछित गिरफ्तार

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट में विरुद्ध रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ही एक व्यक्ति को मंगलवार को सेमरौना पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि उक्त आरोपी अजीत उर्फ गोलू निवासी कृतपूरा की तलाश काफी समय से की जा रही थी। पुलिस ने मंगलवार को उसे धर दबोचा और आवश्यक कार्यवाही पूरी की।

# डीएम ने थारू जनजाति छात्रावास का किया निरीक्षण, छात्रों से संवाद कर जाना शैक्षणिक माहौल

**● इंडियन बैंक के सहयोग से नई लाइब्रेरी का शुभारंभ, निर्माणाधीन भवन का लिया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने मंगलवार को नगर पालिका क्षेत्र स्थित थारू जनजाति छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी और इंडियन बैंक के जोनल मैनेजर राजेश भदौरिया ने लीड बैंक इंडियन बैंक के सहयोग से स्थापित नई लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। नई लाइब्रेरी छात्रों के लिए अध्ययन का बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी, ताकि वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन नए भवन का भी जायजा लिया गया। बताया गया कि भवन के पूर्ण होने के बाद छात्रावास की क्षमता 48 से बढ़कर 100 हो जाएगी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को छात्रावास में बेहतर शैक्षणिक माहौल, नियमित अध्ययन व्यवस्था और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय छात्रों के विकास में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और प्रशासन इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

## ननिहाल आई किशोरी को बहला फुसला कर भगाया केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात
पुलिस 112

**सहजनवां** थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक में गांव में अपने ननिहाल 1 अप्रैल को आई हुई थी। जिसका संतकबीरनगर जिले के मगहर निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 4 अप्रैल को युवक उसे बहला फुसला कर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक संदीप साहनी पुत्र श्रीराम साहनी निवासी मगहर वार्ड 9 थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

# सम्पर्क मार्ग का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा:** विधानसभा गौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरघटा के माजरा नौतनवा-नाऊ परवा संपर्क मार्ग के शिलान्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रभात कुमार वर्मा उपस्थित होकर विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। यह संपर्क मार्ग लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा, जिसकी लंबाई लगभग 2 किलोमीटर है।

इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रीय जनता को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी तथा ग्रामवासियों को विकास की एक महत्वपूर्ण सौगात मिलेगी।

विधायक जी ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनसुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और ग्रामीणों के जीवन को सुगम बनाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान श्याम नारायण वर्मा, जितेंद्र पांडेय , विष्णु सिंह, सतीश मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, रामचंद्र वर्मा, संजय प्रसाद, राम तीरथ यादव, द्वारिका प्रसाद, विनोद वर्मा, भगवान दीन मिश्रा सहित क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर देवीपाटन मंडल अव्वल, प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान

**● शिकायत निस्तारण में देवीपाटन मंडल नंबर-1, 86.67% सफलता दर के साथ रचा कीर्तिमान**

**● गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण से चमका देवीपाटन मंडल, आईजीआरएस में टॉप रैंक**

**● महिला शिकायतों के त्वरित समाधान से बढ़ी रैंकिंग, देवीपाटन मंडल प्रदेश में प्रथम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोंडा।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर देवीपाटन मंडल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मार्च 2026 की जारी रैंकिंग में मंडल ने 120 में से 104 अंक हासिल कर 86.67 प्रतिशत सफलता दर दर्ज की है।मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने बताया कि श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर जनपदों में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रत्येक माह सभी जिलों की शिकायतों की समीक्षा की जाती है।

उन्होंने बताया कि शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वे स्वयं रैंडम रूप से पांच शिकायतकर्ताओं से फोन पर फीडबैक लेते हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि शिकायतों पर वास्तविक कार्रवाई हो, न कि केवल औपचारिक निस्तारण। इस व्यवस्था से पारदर्शिता और जवाबदेही में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

अपर आयुक्त (प्रशासन) मीनू राणा ने बताया कि महिलाओं और बेटियों की समस्याओं के समाधान के लिए मंडल में 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' पहल भी चलाई जा रही है। इस पहल के तहत महिला शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण किया जाता है, जिसका सीधा असर मंडल की बेहतर रैंकिंग में देखने को मिला है।

# दहेज हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव

**बस्ती जिले की पुलिस कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं जिंदा जलाने वाले पति और उसके मन की गिरफ्तारी तो हो गए लेकिन सहयोगी भाई और बहन की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है या पुलिस कर नहीं रही है घटनाएं बढ़ रही है बस्ती जिले में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र ग्राम चौगढ़वा दहेज हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया घेरावजम कर किया गया नारेबाजी, पुलिस कर्मियों और महिलाओं से हुआ नोक झोक , इस संबंध में ष्थ्य हरैया से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मोबाइल नहीं उठाई कहीं ना कहीं सिस्टम की कमी के कारण क्षेत्र में घटनाएं ज्यादा हो रही है उसे पर कार्रवाई न होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है

बस्ती जिले में छावनी थाना क्षेत्र में आए दिन महिलाओं पर अपराध बढ़ रहे हैं छावनी पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह फेल नजर आ रही है, आए दिन महिलाओं संबंधी अपराध छावनी क्षेत्र में बढ़ रहे हैं, ताजा मामला छावनी थाना क्षेत्र के चौगडवा गांव का है जहां 30 वर्षीय महिला सीमा की जलकर दहेज लोभियों द्वारा हत्या कर लाश को छुपाने का प्रयास किया गया पहले बाद में पुलिस के डर के नाते लोगों को दिखाने के लिए दहेज लॉबियों द्वारा गाड़ी में लादकर लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर जाएगा जहां डॉक्टरों ने तुरंत लाश को देखते ही मृतक घोषित कर दिया गया, मौके पर लखनऊ पुलिस द्वारा लाश को पीएम कराया गया और बस्ती पुलिस को सूचना दी गई।

मृतिका सीमा के पिता ने रो-रो कर बताया कि मेरी बेटी का दहेज लोभियों द्वारा उनके घर के लोग बार-बार दहेज के लिए मरते-पटाते थे और या दबाव डालते थे कि अपने घर से दहेज लेकर आओ नहीं तो तुम्हारी हत्या कर देंगे जबकि मेरी बेटी की एक बच्ची भी 4 साल की है बच्ची ने पूरा घटनाक्रम देखा कि 4 अप्रैल को रात लगभग 11:00 बजे पापा और सारे लोग मिलकर मम्मी के ऊपर तेल डालकर घर के अंदर आग लगा दिए जिससे मम्मी पूरी तरह जल गई और मम्मी वहीं जमीन पर गिर गई और मर गई।

मेरी बेटी की घर वाले मुझे सूचना नहीं दिए गांव के कुछ लोगों से मुझे जानकारी मिली कि आपकी बेटी को जलाकर मार डाले हैं मौके पर हम लोग जब पहुंचे तो घर पर पुलिस पहुंची थी और पुलिस को तहरी लिखकर हम लोग दिए लेकिन आरोपियों छावनी थाने पर दबाव होने के नाते अभी तक गिरफ्तारी सबकी नहीं हो पाई है जिसको लेकर आज हम लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने आए थे कप्तान साहब हम लोगों से मिले नहीं वहीं 6 अप्रैल को विशेश्वरगंज बाजार में दुबौलिया थाना अध्यक्ष छावनी थाना अध्यक्ष और सीईओ हरिया द्वारा हम लोगों को लिखित आश्वासन दिया गया कि मुलजिम को हम लोग 24 घंटे में गिरफ्तार कर लेंगे लेकिन पुलिस द्वारा लिखित कागज हम लोगों को दिया गया इसके बावजूद भी पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। तत्काल अगर हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो हम लोग जिला अधिकारी कार्यालय के सामने अनशन पर बैठेंगे वहीं जब इस संबंध में हरिया को के मोबाइल नंबर पर फोन किया गया कि इस संबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है तो को हराया ने फोन नहीं उठाया ना किसी प्रकार का अभी ठोस कार्रवाई हुई फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मुकदमा लिखकर दो लोगों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा है जबकि इस पूरे घटना करम में पिता ने द्वारा बताया गया कि हम लोग 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कारया हैं अभी तक सिर्फ पुलिस ने दो लोगों की गिरफ्तारी की है शेष की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।